दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर

3 | आंचलिक
4 | अभिव्यक्ति
6 | छत्तीसगढ़
7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2017/72749 | भोपाल, शुक्रवार 24 नवंबर 2023 | वर्ष-7 अंक-177, पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए | भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित | www.navpradesh.com

आज बेबाक

पाच राज्यों के विधानसभा चुनाव निपटने से पहले ही आयकर विभाग ने विज्ञापन जारी कर देश के सभी करदाताओं से 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से आयकर रिटर्न दाखिल करने की अपील कर दी है। सही भी है। सरकार का खाली खजाना भरना मध्यमवर्गीय करदाताओं की ही तो जिम्मेदारी है। जब वे कर जमा करेंगे तभी तो सरकार मुफ्तखोरों का भला कर पाएगी। इसे ही कहते हैं मेहनत करे मुर्गा और अंड़ा खाए फकीर। सभी करदाता ईमानदारी से कर पटाएं। ताकि सांसदों से लेकर पार्षदों तक सभी को समय पर मानदेय मिल पाए और तथाकथित गरीब कथरी ओढ़कर घी खाएं।

उत्तरकाशी में ऑगर मशीन का प्लेटफॉर्म टूटा: टनल में ड्रिलिंग रोकी गई

अभी 16.2 मीटर खुदाई बाकी

उत्तरकाशी। उत्तराखंड में उत्तरकाशी टनल में पाइप डालने वाली ऑगर मशीन का प्लेटफॉर्म टूट गया। जिसके चलते 12 नवंबर से फंसे 41 मजदूरों का रेस्क्यू शुक्रवार सुबह तक के लिए रोक दिया गया है। उधर, प्लेटफॉर्म की मरम्मत की जा रही है।

इससे पहले गुरुवार दोपहर 1.15 बजे मजदूरों तक पहुंचने के लिए बाकी 18 मीटर की खुदाई शुरू की गई, लेकिन 1.8 मीटर की ड्रिलिंग के बाद मलबे में सरिया आने से खुदाई रोकनी पड़ी। इसे दिल्ली से हेलिकॉप्टर से पहुंचे 7 एक्सपर्ट्स ने ठीक किया। अधिकारियों ने बताया- आज 1.86 मीटर ड्रिलिंग हुई। अभी 16.2 मीटर खुदाई बाकी है।

नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने गुरुवार को कहा था- अगले कुछ घंटों या कल तक हम मजदूरों को बाहर निकाल लेंगे। यह काम काफी चुनौती भरा है। ऐसी स्थिति में

टनल में फंसे मजदूरों और रेस्क्यू टीम के सदस्य दोनों की जान खतरे में है। हमें दोनों की सुरक्षा का ख्याल रखना होगा।

NDMA टीम के कुछ सदस्यों का कहना है- डिलिंग के दौरान अभी 3 से 4 और बाधाओं का सामना कर पड़ सकता है। रेस्क्यू कब तक पूरा होगा, इस बारे में अनुमान लगाना सही नहीं है।

लगातार दूसरे दिन मलबे में सरिया आया, मशीन खराब हुई

रेस्क्यू ऑपरेशन के नोडल सचिव नीरज खैरवाल ने बताया कि गुरुवार को मलबे में सरिया आने की वजह से पाइप कुछ मुड़ गया है। ऑगर मशीन को नुकसान हुआ है। दो एक्सपर्ट की मदद से सरिया काटा गया, जिसके बाद ड्रिलिंग का काम दोबारा शुरू हुआ। बुधवार रात भी ऑगर मशीन के सामने सरिया आ गया था। हृष्ठक्रस्न की टीम ने रात में ही सरिया काटकर अलग कर दिया था।

इससे पहले, NDRF की टीम ने बुधवार तक मजदूरों तक पहुंचने के लिए 45 मीटर का रास्ता क्लियर कर लिया था। गुरुवार को रेस्क्यू पाइप को 1.8 मीटर पुश किया **शेष पृष्ठ 5 पर**

सीएम अशोक गहलोत ने लगाया सनसनीखेज़ आरोप बोले -

'महादेव ऐप' मामले में सीएम भूपेश को गिरफ्तार करने की थी तैयारी

- राजस्थान-छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने रचा षड्यंत्र
- आरोपों की रिटायर्ड न्यायाधीश से जांच कराने की मांग

जयपुर/नवप्रदेश। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने प्रचार थमने से पहले आयोजित पीसी में ईडी पर आरोप लगाते हुए कहा कि महादेव ऐप मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को गिरफ़्तार करने की कोशिश की गई। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ''लाल डायरी'' और महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले को भारतीय जनता पार्टी का राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीतने के लिए रचा गया ''षड्यंत्र'' करार दिया। उन्होंने इसकी जांच उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से करवाने की मांग की।

गिरफ्तार करने की थी साजिश

छत्तीसगढ़ में महादेव ऐप मामले

का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, ''षड्यंत्रकारी लोग हैंज् चार दिन पहले वहां के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की इनकी साजिश थी। उसका पर्दाफाश हो गया।

'भाजपा ने रचा इतना बड़ा षड्यंत्र'

यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में गहलोत ने कहा, ''एक मांग मैं महादेव ऐप व लाल डायरी मामले के बारे में करना चाहूंगाज्उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से इसकी जांच कराई जानी चाहिए। भाजपा ने चुनाव के दौरान ये जो षड्यंत्र किया, चुनाव जीतने के लिए, यह बहुत बड़ा षड्यंत्र है। इसकी जांच होनी चाहिए।''

यहां 'लाल डायरी - वहां महादेव ऐप'

गहलोत ने कहा कि मुझे दुख होता है कि प्रधानमंत्री के स्तर पर षड्यंत्र करके आप प्रधानमंत्री के मुंह से लाल डायरी बुलवा रहे हो.. आप महादेव ऐप बुलवा रहे होज्यहां लाल डायरी और वहां छत्तीसगढ़ में महादेव ऐप ज्वहां (छत्तीसगढ़ में) पर्दाफाश हो गया, राजस्थान में भी सच्चाई सामने आ गई।'' गहलोत ने पूछा, ''कहां गई लाल डायरी? राजस्थान में ईडी, आयकर विभाग के 50 छापे पड़े। क्या कोई नेता, कोई अधिकारी पकड़े गए? उन छापों का क्या हुआ?'' मुख्यमंत्री ने दावा किया, ''भाजपा ने पूरी कोशिश कर ली, लेकिन राजस्थान में सरकार नहीं गिरा पाई। आज उन्हें इसी बात की टीस सता रही है।''

पूर्व क्रिकेटर एस. श्रीसंत पर ठगी के आरोप

कन्नूर (ए.)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस श्रीसंत और और दो अन्य के खिलाफ गुरुवार को केरल पुलिस ने धोखाधडी और ठगी के आरोप को लेकर मामला दर्ज किया है। केरल के चूंडा के रहने वाले शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि राजीव कुमार और वेंकटेश किनी ने 25 अप्रैल, 2019 से अलग-अलग तारीखों पर उनसे कुल 18.70 लाख रुपए लिए। इन लोगो ने दावा किया कि वे **शेष पृष्ठ 5 पर**

क्रिकेट एकेडमी खोलने के नाम 18.7 लाख रुपए लिए थे, केरल में केस दर्ज

भाजपा ने झीरम जांच में अड़ंगा डाला, पहले जांच नहीं करवाई, अब वादे कर रही : भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा के झीरम हमले की जांच कराने वाले बयान पर कहा भाजपा नेताओं के नीचे गिरने का कोई स्तर नहीं। पहले जांच को रोका गया। धरमलाल कौशिक को कोर्ट किसने भेजा था। अड़ंगा डालने का काम पहले इन्होंने ही किया है। भाजपा की ओर से कहा गया था कि 'सरकार गठन के बाद झीरम की जांच कराएंगे'। मुख्यमंत्री ने राजस्थान रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर ये बयान दिया है।

भूपेश बघेल ने आगे कहा कि झीरम मामले में उस समय भी नोडल अधिकारी ऐसे आदमी को बना दिया गया था जो खुद इंवॉल्व था। बीजेपी के लोगों को किसी भी प्रकार की बात करने में कोई शर्म ही नहीं आती है। उनकी सरकार थी, सीबीआई जांच तो विधानसभा में पारित किया था लेकिन जांच **शेष पृष्ठ 5 पर**

अपने बेटे की योग्यता की बात करें शाह- भूपेश

अमित शाह के सोनिया गांधी अपने बेटे को पीएम बनाना चाहती है वाले बयान पर सीएम बघेल बोले वह अपने बेटे के लिए सोच रहे हैं। उनके बेटे में कौन सी योग्यता है..? दूसरों के बेटे के बारे में क्यों बोलते हैं। अपने बेटे के बारे में बताओ कि उसमें क्या योग्यता है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने झीरम मामले में एनआईए की अपील खारिज कर छत्तीसगढ़ पुलिस को जांच का जिम्मा सौंपा है।

समलैंगिक विवाह: सुप्रीम कोर्ट समीक्षा याचिका पर 28 को करेगा सुनवाई

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने वाले अपने 17 अक्टूबर के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिका पर वह 28 नवंबर को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी के 'विशेष उल्लेख' पर समीक्षा याचिका पर विचार करने के लिए तारीख मुकर्रर की।

पीठ के समक्ष श्री रोहतगी ने याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए कहा कि फैसला सुनाने वाले सभी न्यायाधीश (पांच सदस्यीय संविधान पीठ के) इस बात पर सहमत थे कि भेदभाव है और यदि भेदभाव है तो उसका समाधान होना ही चाहिए।

वरिष्ठ अधिवक्ता ने दलील दी कि बड़ी संख्या में लोगों का जीवन इस पर निर्भर है। इसलिए इस मामले में खुली अदालत में सुनवाई की इजाजत दी जाए। शीर्ष अदालत के नियमों के अनुसार, समीक्षा याचिकाओं पर न्यायाधीशों के कक्ष में **शेष पृष्ठ 5 पर**

सुको की पहली महिला जज फातिमा बीवी का निधन

तिरुवनंतपुरम (ए.)। भारत की सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश फातिमा बीवी का गुरुवार को कोल्लम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने 96 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। शीर्ष अदालत की पहली महिला न्यायाधीश होने के अलावा वह राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पहली अध्यक्ष और पहली मुस्लिम महिला राज्यपाल (तमिलनाडु) थी। बीवी ने 1950 में खुद को एक वकील के रूप में नामांकित किया और केरल में निचली न्यायपालिका में अपना करियर शुरू किया।

बीवी को मई 1958 में केरल सब-ऑर्डिनेट न्यायिक सेवाओं में मुंसिफके **शेष पृष्ठ 5 पर**

महुआ मोइत्रा कांड का असर : सांसदों के लिए नए दिशा-निर्देश, गोपनीयता रखें, लॉग इन साझा न करें

नई दिल्ली। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा घूसकांड के बाद सांसदों के लिए दिशा निर्देश जारी हुए हैं। लोकसभा पोर्टल का इस्तेमाल सिर्फ़ सांसद करेंगे। लॉग इन को साझा नहीं कर सकते। इसके साथ ही गोपनीयता बनाए रखने को कहा गया है। बता दें कि पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोप से घिरी टीएमसी महुआ मोइत्रा ने माना है कि उन्होंने लोकसभा पोर्टल का लॉग इन और पासवर्ड दर्शन हीरानंदानी के साथ साझा किया था जो उनकी तरफ़ से सवाल पूछते थे। अब इसकी जांच जारी है, लेकिन नए सत्र के लिए लोकसभा में दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सीएम ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की योजना बनाई जा रही है। लेकिन अगर ऐसा होता है तो ये महुआ के लिए 2024 के चुनाव से पहले फायदेमंद ही रहेगा। ममता बनर्जी ने ये बातें कोलकाता में एक इवेंट में कही। हालांकि, इस इवेंट के दौरान ममता बनर्जी ने महुआ मोइत्रा द्वारा घूस लेकर सवाल पूछने पर कोई टिप्पणी नहीं की है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों में घिरीं तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को उनकी पार्टी ने नई जिम्मेदारी दी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने मोइत्रा को कृष्णानगर (नदिया नॉर्थ) जिले का पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किया है। एमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने इस नई जिम्मेदारी के लिए पार्टी प्रमुख और सीएम ममता बनर्जी का शुक्रिया अदा भी किया था। महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट किया, मुझे कृष्णानगर (नादिया उत्तर) का जिला अध्यक्ष नियुक्त करने के लिएममता दीदी और तृणमूल कांग्रेस को धन्यवाद।

सांसदों के लिए दिशा निर्देश

-सिर्फ़ सांसद करेंगे लोकसभा पोर्टल का इस्तेमाल
-लोकसभा पोर्टल के लॉग इन को साझा नहीं किया जा सकता
-सांसदों से गोपनीयता बनाए रखने को कहा गया है
-उन्हें सलाह दी गई है कि वो प्रश्नकाल तक सवालों के उत्तर साझा न करें

राजौरी में लश्कर के टॉप कमांडर कारी सहित 2 आतंकी ढेर, 5 जवान शहीद

राजौरी (ए.)। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर सहित दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार से राजौरी के कालाकोट में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। इसमें लश्कर कमांडर कारी भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक दोनों आतंकियों को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से जिंदा करने के लिए भेजा गया था। मारे गए दोनों आतंकी आईईडी बनाने में और उसके संचालन में माहिर थे। इसके अलावा दोनों ही गुफाओं से छिपने के साथ-साथ एक्सपर्ट स्नाइपर भी थे। इस ऑपरेशन के दौरान अब तक सेना के 5 जवान भी शहीद हो चुके हैं।

राजौरी और पुछ में सक्रिय था कारी

मारे गए एक आतंकी का नाम कारी है, जो लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर है। उसे पाकिस्तान और अफगान मोर्चे पर ट्रेनिंग दी गई है। कारी पाकिस्तान का नागरिक है, जो कई आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है। कारी को डांगरी और कंडी हमलों का मास्टरमाइंड भी माना जाता है। पिछ्ले एक साल से कारी अपने ग्रुप के साथ जम्मू-कश्मीर के राजौरी और पुंछ में सक्रिय था।

कल शहीद हो गए थे 4 जवान: बता दें कि एक दिन पहले ही जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सुरक्षाबलों **शेष पृष्ठ 5 पर**

डीपफेक के खिलाफ नियम बनाएगी सरकार

- डीपफेक बनाने और होस्ट करने वाले प्लेटफॉर्मों पर लग सकता है जुर्माना

नई दिल्ली (वार्ता)। 'डीपफेक' को लेकर केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ बैठक की। इस बैठक में गुगल, फेसबुक, यूट्यूब समेत ऑनलाइन प्लेटफार्मों भी मौजूद रहे। इस बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस बैठक में चार अहम मुद्दों पर सहमति बनी है। डीपफेक आज लोकतंत्र के लिए नया खतरे की तरह है। और सरकार को लगता है कि इसके खिलाफ तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। केंद्र सरकार जल्द ही इसे लेकर नियम तय करेगी। साथ ही हमे लगता है कि इसके खिलाफ लोगों में जागरूकता को बढ़ाना

बेहद जरूरी है।

अश्विनी वैष्णव ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि हम हम डीपफेक से पैदा हुई चुनौतियों से निपटने के लिए नियम बनाएंगे। आज लिए गए निर्णयों को लागू करने के लिए हम दिसंबर के पहले सप्ताह में सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ अगले दौर की बैठक भी करेंगे।

इन मुद्दों पर हुई बात

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बैठक में चार प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। पहला मुद्दा था - डीपफेक का पता कैसे लगाया जा सकता है; क्या और कैसे लोगों को डीपफेक पोस्ट करने से रोका जा सकता है और क्या ऐसी सामग्री को वायरल होने से रोका जा सकता है। साथ ही साथ एक रिपोर्टिंग तंत्र कैसे लागू किया जा सकता है ताकि किसी भी ऐप या वेबसाइट पर उपयोगकर्ता प्लेटफॉर्म और अधिकारियों को डीपफेक के बारे में सचेत कर सकें। ताकि इसे लेकर कार्रवाई की जा सके। जनता के बीच इसे लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार, इंडस्ट्री और मीडिया को साथ मिलकर काम करना होगा।

गरमा-गरम

राजस्थान: दो आप प्रत्याशियों ने कांग्रेस को समर्थन दिया

देवगढ़ में कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी, बोले- जल हो, नभ हो, थल हो... कांग्रेस का पंजा एक ही काम करता है... लूटो

राजसमंद (ए.)। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस सरकर पर जमकर हमला बोला। उन्होंने गुरुवार को राजसमंद के देवगढ़ में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज तक इससे बड़ी महिला विरोधी सरकार नहीं देखी, इसलिए राज्य के जन जन ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले लिया है। जनसभा में उन्होंने कहा कि जल हो, नभ हो, थल हो... कांग्रेस का पंजा एक ही काम करता है..., लूटो। पीएम मोदी ने अपने संबोधित में कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान के खानों को

माफिया के हवाले किया, लेकिन भाजपा रोजगार का स्रोत बनाएगी। पीएम ने यहां कांग्रेस सरकार को घेरते हुए आह्वान किया कि राजस्थान इस चुनाव में कमल चुनेगा, राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनेगी।

गुर्जरों का अपमान कांग्रेस ने किया, आज की पीढ़ी भी देख रही

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस के नेताओं का सपना , बस अपना अपना परिवार है। मोदी अलग मिट्‌टी से बना है। आप ही मेरे परिवारजन हैं। इसलिए मेरे लिए तो आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। उन्होंने अपने भाषण में गुर्जर पॉलिटिक्स पर भी कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा, गुर्जरों का जितना अपमान कांग्रेस ने किया है, यह राजस्थान की पिछली पीढ़ी ने भी देखा और आज की पीढ़ी भी देख रही है।

पनौती, जेबकतरा बोलने पर बढ़ीं राहुल गांधी की मुश्किलें, चुनाव आयोग ने थमाया नोटिस

नई दिल्ली (ए.)। चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए की गई 'पनौती', 'जेबकतरे' और कर्ज माफी संबंधी टिप्पणियों के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इससे राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ने की संभावना है। राहुल को तय समय के भीतर अपना जवाब देना होगा। यदि चुनाव आयोग कांग्रेस नेता के जवाब से संतुष्ट नहीं होता है तो कार्रवाई भी की जा सकती है।

चुनाव आयोग ने नोटिस जारी करते हुए राहुल गांधी से 25 नवंबर तक जवाब देने के लिए कहा है। नोटिस में बीजेपी की ओर से

शिकायत करने का भी जिक्र है। राहुल ने अपने भाषण में कहा था कि जेबकरते होते हैं, जब दो जेब करते किसी की जेब काटना चाहते हैं तो सबसे पहले क्या करते हैं। ध्यान हटाने का काम करते हैं। एक आता है सामने और आपसे कोई बातचीत करता है ताकि आपका ध्यान इधर-उधर हो जाए। इस बीच दूसरा आपकी जेब काट लेता है। जेबकतरा सबसे पहले आपका ध्यान हटाता है। नरेंद्र मोदी जी का काम आपके ध्यान को इधर-उधर करने का है। इसके अलावा, वर्ल्ड कप फाइनल के बारे में राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरते हुए कहा था कि कभी क्रिकेट मैच में चला जाएगा, वो बात अलग है कि हरवा दिया। पनौती पीएम मतलब पनौती मोदी। तीसरे जिस बयान का जिक्र किया गया है, उसमें है राहुल ने कहा है कि कभी उदाहरण देता हूं आप पिछले **शेष पृष्ठ 5 पर**

दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर 'दिल्ली', एक्यूआई 400 के पार, बिगड़ रहे हालात

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली और दिल्ली एनसीआर के लोग पिछले कुछ महीनों से प्रदूषित हवा से काफी परेशान है। दिल्ली की हवा की हालत दिन ब दिन बदतर होती जा रही है। दिवाली से पहले हुई बारिश की वजह से दिल्ली वासियों को थोड़ी राहत मिली थी। बारिश के बाद हवा में थोड़ा सा सुधार भी देखने को मिला था। लेकिन 13 नवंबर के बाद दिल्ली और दिल्ली एनसीआर में हवा का स्तर बुरी तरह से बिगड़ गया है। मौजूदा समय में दिल्ली की हवा बहुत खराब श्रेणी में आगयी है। दिल्ली की हवा इन दिनों देश की सबसे ज्यादा प्रदूषित मणि जा रही है। दिल्ली ही नहीं दिल्ली एनसीआर की हालत भी खासा अच्छी नहीं है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने बताया की आज सुबह पांच बजे दिल्ली और दिल्ली एनसीआर में वायु गुणवत्ता का स्तर 400 से ऊपर पाया गया। इसके साथ ही आनंद विहार में एक्यूआई 387, आरके पुरम में 416, पंजाबी बाग में 423 और आईटीओ में 344 पाया गया। मौसम विभाग की माने तोह आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर के मौसम बदलाव होने की संभावना दिख रही है। सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली शहर की हवा को देश की सबसे प्रदूषित हवा क रूप में मन जा रहा है।

बीते दिन बुधवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता का लेवल 220 रहा, जो की 'खराब' श्रेणी में गिना जाता है। तो वहीं मंगलवार को वायु गुवत्ता 279 पर रिकॉर्ड हुआ था। नवंबर के महीने में दिल्ली की हवा अब तक तीन दिन बेहद खराब गुणवत्ता में रही, 3 से 9 नवंबर के बीच छह दिन एक्यूआइ का लेवल 400 से अधिक रहा। दुनिया भर के लेवल पर देखें तो प्रदूषण के मामले में दिल्ली शहर सबसे ऊपर पहले स्थान पर आ चुका है। प्रदूषण के मामले में विश्व स्तर पर देखें तो दिल्ली अब सबसे पहले स्थान पर आ चुका है।

विश्व के सबसे प्रदूषित 110 राष्ट्रों की लिस्ट में भारत देश के तीन शहर भी शामिल हो चुके है। जो की दिल्ली,कोलकाता और मुंबई है। Swiss firm IQAir की लाइव रैंकिंग में राजधानी दिल्ली सबसे पहले नंबर पर आयी है। प्रदूषण के मामले में विश्व स्तर पर देखें तो दिल्ली अब सबसे पहले स्थान पर आ चुका है। विश्व के सबसे प्रदूषित 110 राष्ट्रों की लिस्ट में भारत देश के तीन शहर भी शामिल हो चुके है। जो की दिल्ली,कोलकाता और मुंबई है। Swiss firm IQAir की लाइव रैंकिंग में राजधानी दिल्ली सबसे पहले नंबर पर आयी है। इस लाइव रैंकिंग को देखने से पता चलता है कि दिल्ली 341 एक्यूआई के साथ पूरी दुनिया में सबसे प्रदूषित शहर बन गया है।

■ न्यूज गैलरी

मुठभेड़ में लश्कर का आतंकवादी ढेर

जम्मू(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच जारी मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी मारा गया। सेना के सूत्रों ने बताया कि सेना और पुलिस की संयुक्त टीम ने आज सुबह कालाकोटे के बजुमल गांव में अभियान तेज कर दिया। सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच जारी मुठभेड़ में एक कट्टर आतंकवादी मारा गया। उसकी पहचान लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी क्वारी के रूप में की गयी है जो पाकिस्तानी नागरिक है। उन्होंने बताया कि मारे गये आतंकवादी का धांगरी हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है तथा वह पकिस्तान और अफ्गानिस्तान मोर्चे पर प्रशिक्षित था। वह पिछले एक साल से राजौरी-पुंछ में सक्रिय था और उसे क्षेत्र में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए भेजा गया था। गौरतलब है कि राजौरी जिले में बुधवार को आतंकवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में सेना के दो अधिकारियों सहित चार सैन्यकर्मी शहीद हो गये थे और दो अन्य घायल हुए हैं।

बायकुला में बहुमंजिला इमारत में आग लगी

मुंबई(वार्ता)। मुंबई के बायकुला में गुरुवार तड़के एक 24 मंजिला ऊंची इमारत की तीसरी मंजिल पर आग लग गयी। नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना घोड़ापदेव इलाके के म्हाडा कॉलोनी में न्यू हिंद मिल कंपाउंड स्थित इमारत की तीसरी मंजिल पर तड़के 03.40 बजे हुई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पांच दमकल गाड़ियों और तीन पानी के टैंकरों के साथ अन्य अग्निशमन वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया तथा सुबह 07.20 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि आग मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक मीटर केबिन, इलेक्ट्रिक वायरिंग, इलेक्ट्रिक केबल, इलेक्ट्रिक इंस्टॉलेशन के साथ-साथ इलेक्ट्रिक नलिकाओं में स्क्रैप सामग्री, कचरा और पहली से 24 वीं मंजिल तक फैले कचरा नलिकाओं में अपशिष्ट सामग्री तक ही सीमित थी। उन्होंने बताया कि इमारत की अलग-अलग मंजिलों से कम से कम 135 लोगों को सुरक्षित बचाया गया।

उमेश पाल हत्याकांड में वांछित आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज(वार्ता)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में वांछित 50 हजार रूपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने बुधवार देर रात एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक भारती ने गुरुवार को बताया कि थाना नवाबगंज के आनापुर क्षेत्र में पुलिस देर रात वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन उन्होंने मोटरसाइकिल की रफ्तार तेज कर उन पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षार्थ गोली चलाई। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस के खदेड़ने पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। घायल बदमाश की पहचान मोहम्मद नफीस उर्फ नफीस बिरयानी के तौर पर की गयी है। पुलिस ने मौके पर एक पिस्टल, दो कारतूस और मोटरसाइकिल जब्त किया। घायल को पुलिस ने स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया है। गौरतलब है कि बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड मामले में वांछित चल रहे नफीस बिरयानी पर 50 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है। वह सिविल लाइंस क्षेत्र में ईट ऑन बिरयानी रेस्टोरेंट चलाता था। उमेश पाल हत्याकांड में इसका नाम आने के बाद पुलिस ने इसके रेस्टोरेंट को नष्ट कर दिया था। नफीस माफिया अतीक अहमद के भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफका मित्र था और उसकी क्रेटा कार का इस्तेमाल उमेश पाल और उसके दो सरकारी सुरक्षाकर्मियों की हत्या में इस्तेमाल की गयी थी। हत्या के दूसरे दिन 25 फरवरी को पुलिस ने कार को अतीक के मकान के पास से बरामद किया था। इसी कार पर अतीक का बेटा असद अपने साथियों के साथ सवार होकर धूमनगंज के सुलेमसराय में हत्याकांड को अंजाम देने पहुंचा था।

चीन पर फिर मंडराया रहस्यमयी बीमारी का साया

नई दिल्ली(ए.)। कोरोना से उबरते ही चीन से एक और डराने वाली खबर आ रही है। वहां बच्चों में रहस्यमयी बीमारी दिख रही है, जिसके लक्षण निमोनिया से मिलते-जुलते हैं। WHO ने चीन से बीमारी की डिटेल मांगते हुए जानकारी सार्वजनिक की। इसके साथ ही ये खौफ बढ़ रहा है कि क्या चीन एक बार फिर सांस से जुड़ी कोई खतरनाक बीमारी दुनिया को देने वाला है। रहस्यमयी निमोनिया से जुड़े ज्यादातर मरीज चीन के उत्तर-पूर्वी बीजिंग और लियाओनिंग के अस्पतालों में देखे जा रहे हैं। बच्चों में तेज बुखार, खांसी और सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण हैं, जो कि निमोनिया की तरह हैं। कोरोना में भी इसी तरह के संकेत होते हैं, लेकिन अब तक बच्चे इस महामारी से काफी हद तक बचे रहे थे।

इस बीच ये सवाल उठ रहा है कि क्या कोविड ही नए रूप में इस बार बच्चों पर हमलावर हो रहा है, या फिर चीन की वजह से कोई नया वायरस पैदा हो चुका। बता दें कि कोरोना के बारे में भी माना जाता है कि उसका ऑरिजिन चीन का वुहान मार्केट या फिर लैब था।

ग्लोबल संस्थाओं का मानना है कि ज्यादातर महामारियों की शुरुआत अफ्रीका या एशियाई देशों से होती है। इ्ब्राह्व के बाद इबोला आउटब्रेक में भी ये बात मानी गई. ये ग्लोबल स्तर पर ज्ञात और अज्ञात बीमारियों पर बातचीत करती है।

कौन-कौन सी बीमारियां आईं?

मंकी पॉक्स, जीका वायरस, इबोला वायरस, सार्स, मार्स और हाल में तबाही मचा चुका कोरोना वायरस. इन सभी बीमारियों का ऑरिजिन एशिया और अफ्रीका ही है. खासकर सांस से जुड़ी बीमारियों की शुरुआत चीन से ही कनेक्टेड दिखाई देती है. हालांकि इस बारे में कभी कोई पुष्टि नहीं हो सकी। वायरस का असल सोर्स क्या है, ये पता लगा सकना काफी मुश्किल है. बहुत से वायरस म्यूटेट होकर नया रूप ले लेते और फैलते हैं. जानवर या इंसान, जिसपर ये वायरस बसे हुए हैं, वे भी यहां से वहां घूमते रहते हैं. ऐसे में सोर्स समझ नहीं आता.



एशिया और अफ्रीका से क्यों हो रही है शुरुआत?

इसकी सबसे बड़ी वजह है, इन जगहों की बढ़ती आबादी. वर्ल्ड बैंक के अनुसार, 21वीं सदी की शुरुआत से ऐसा ट्रेंड शुरू हुआ. अब हाल ये है कि एशिया और पैसिफिक इलाकों में दुनिया के करीब 60 फीसदी लोग रहते हैं. आबादी बढ़ने की वजह से इंसान और जानवर सीधे संपर्क में आने लगे. जंगली जानवरों में कई खतरनाक किस्म के वायरस होते हैं, जैसे चमगादड़ को ही लें तो उसमें 100 से ज्यादा किस्म बीमारी भी समय मिल जाएंगी. एक से दूसरे तक होते हुए ये वायरस इंसानों तक पहुंच जाते हैं.

एनिमल मार्केट भी एक कारण है

चीन के बारे में कई रिपोर्ट्स आ चुकी हैं कि वहां एग्जॉटिक एनिमल्स का बाजार सजता है. वुहान मार्केट इसी श्रेणी का था, जहां कथित तौर पर चमगादड़ों से लेकर सांप भी मिलते रहे. इनके कच्चे या अधपके मांस से खतरनाक बीमारियों का खतरा रहता है. कोरोना के पहले केस के बारे में कस्पिरेसी है कि ये बीमारी यहीं से फैली. अफ्रीका में भी बुशमीट कॉमन है.

ऐसे फैल रही जूनोटिक बीमारियां

एशियाई देश, जैसे चीन, थाइलैंड और इंडोनेशिया में बाजारों में कई जानवरों को जिंदा बेचा जाता है. जगह की कमी के चलते ये सारे पशु एक साथ रख दिए जाते हैं. इससे भी वायरस को फैलने के लिए सही माहौल मिल जाता है. इस तरह की बीमारियां जूनोटिक डिसीज की श्रेणी में आती हैं. संक्रमित जानवर की लार, खून, यूरिन, मल या उसके शरीर के अन्य तरल पदार्थों के संपर्क में आने से इंसान इसकी चपेट में आ सकता है.

पशुओं से फैल चुकीं इतनी बीमारियां

कस्पिरेसी के बावजूद कोविड के मामले में ज्यादातर देश मानते हैं कि ये चमगादड़ों से आई बीमारी है. इसी तरह से सार्स और मर्स भी जानवरों से आए. यहां तक कि एड्स जैसी लाइलाज बीमारी भी संक्रमित चिंपाजी से इंसानों तक पहुंची. यलो फीवर भी साल 1901 में पशुओं से हम तक पहुंचा. इसके बाद से रेबीज, लाइम डिजीज जैसी लगभग 2 सौ बीमारियां हैं, जो संक्रमित पशु-पक्षियों से इंसानों तक आई.

फिलहाल क्या कर रहे हैं एक्सपर्ट?

लगभग सालभर पहले कांगो में एक मरीज रहस्यमयी बीमारी के साथ पहुंचा, उसे बुखार के साथ ब्लीडिंग भी हो रही थी. पहले इसे इबोला समझा गया, लेकिन जांच में निगेटिव आने के बाद एक्सपर्ट नई महामारी की शुरुआत का अंदाजा लगाने लगे. इसे नाम मिला- डिजीज X. फिलहाल जिसके बारे में किसी को कुछ नहीं पता, उस बीमारी यानी डिजीज ड्व को फ्यूचर पेंडेमिक की लिस्ट में सबसे ऊपर माना जा रहा है. दुनिया के 300 से भी ज्यादा वैज्ञानिक 25 से ज्यादा वायरस और बैक्टीरिया को इस श्रेणी में रखेंगे, जिनकी जानकारी नहीं के बराबर है. इनपर काम किया जा रहा है.

मायावती को तेलंगाना में बसपा के सत्ता में आने की उम्मीद

हैदराबाद(ए.)। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उम्मीद जताई कि बसपा राज्य में सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा, हमने किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं किया है। इस बार चुनाव परिणाम आश्चर्यजनक होंगे। उन्होंने लोगों से विभिन्न पार्टियों के झूठे वादों से गुमराह नहीं होने की अपील की। सत्तारूढ़ और विपक्षी दल वादे करते हैं, लेकिन निर्वाचित होने के बाद ज्यादातर उन्हें भूल जाते हैं और लोग अब ऐसे वादों पर विश्वास नहीं करते हैं। बसपा अपना घोषणा पत्र इसलिए जारी नहीं करती क्योंकि वह सिर्फ बातों में नहीं, बल्कि काम करने में विश्वास रखती है। बसपा अकेले ही भाजपा और कांग्रेस दोनों से लड़ रही है। उन्होंने लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए तेलंगाना की सत्तारूढ़ पार्टी बीआरएस की भी आलोचना की। सूर्यापेट में बसपा उम्मीदवार वट्टे जनय्या पर हमले की निंदा करते हुए कहा कि कानून लागू करने में विफल राज्य सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

350 रुपए के लिए 60 बार युवक पर चाकू से वार, मौत

नई दिल्ली(ए.)। नई दिल्ली से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां महज 350 रुपए के लिए एक लड़के ने दूसरे युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने 60 बार युवक पर चाकू से वार किया। आरोपी के सिर पर इस हद तक खून सवार था कि उसने नाबालिग की गर्दन काटने की कोशिश की और उसके सिर पर लात भी मारी। ये पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना को नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के वेलकम थाना क्षेत्र में मंगलवार रात को अंजाम दिया गया। वहीं पुलिस ने 16 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

बताया जा रहा है कि वो स्कूल ड्रॉप आउट है और दिल्ली में अपने माता पिता के साथ रहता है। उसके माता पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। जानकारी के मुताबिक हत्या के दौरान वो नशे की हालत में था। वहीं पीड़ित अपनी मां के साथ जाफराबाद के पास रहता था। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया दोनों ही एक दूसरे को नहीं जानते थे। आरोपी पहले पीड़ित के पास गया और बिरयानी खरीदने के लिए 350 रुपए मांगने लगा। पीड़ित ने देने से मना किया तो उसने उससे पैसे छीनने की कोशिश की जिसके बाद दोनों में झड़प हो गई। इसके बाद आरोपी ने उसका गला दबा कर बेहोश कर दिया। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक रात के लगभग 10 बजकर 20 मिनट पर आरोपी पीड़ित के शरीर को घसीटकर एक संकरी गली में ले जाता है और चाकू से वार करना शुरू करता है। वो युवक के गर्दन, कान और चेहरे पर चाकू मारता है। कुछ देर रुकने के बाद वो फिर पीड़ित को चाकू गोदने लगता है जिससे उसकी मौत हो जाती है। लगातार चाकू से वार करने के बाद आरोपी फिर कुछ देर रुकता है और चारों तरफ देखता है। इसके बाद वो फिर पीड़ित के सिर पर जोर से लात मारता है और घुटनों के बल बैठकर उसकी गर्दन काटता है। बेरहमी से हत्या करने के बाद आरोपी फिर डांस करता हुआ भी नजर आता है। वारदात के बाद पीड़ित को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां पुलिस ने उसे मृत घोषित कर दिया।

भाजपा दो भारत बनाने की कर रही कोशिश: राहुल

जयपुर(ए.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा दो भारत बनाना चाहती है। राहुल गांधी ने राजस्थान में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, वे दो भारत बनाना चाहते हैं। एक तरफ अडानीवाला भारत है और दूसरी तरफ सच्चा हिंदुस्तान, भारत माता है, जहां लोग कड़ी मेहनत करते हैं, 24 घंटे खून-पसीना बहाते हैं। हम दो भारत नहीं चाहते। अगर राजस्थान में कांग्रेस सरकार दोबारा सत्ता में आती है तो सबसे पहले जातीय जनगणना कराएगी। राहुल गांधी ने कहा, जैसे ही हमारी सरकार केंद्र की सत्ता में आएगी, कांग्रेस पूरे देश में जाति जनगणना कराएगी। पिछड़े लोगों, गरीबों, दलितों और आदिवासियों की समान भागीदारी होनी चाहिए। उन्हें उनका हक मिलना चाहिए। जातीय जनगणना होने के बाद सरकारें उसके मुताबिक कार्रवाई कर सकेंगी। जाति जनगणना के बाद भारत बदल जाएगा। कि जिस दिन भारत अपने गरीबों, पिछड़ों, आदिवासियों और दलितों को देश चलाने में भाग लेने की अनुमति देगा, भारत में एक चमत्कार होगा। राहुल गांधी ने कहा, पिछड़े,

दलित, आदिवासी उस शक्ति को समझेंगे जो हमारे देश को बदल देगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी हर भाषण में कहते हैं कि वह ओबीसी से हैं। भारत में ओबीसी की जनसंख्या कितनी है? कोई नहीं जानता। हमारे देश में पिछड़े लोगों की आबादी कितनी है, यह कोई नहीं जानता, इसलिए जाति जनगणना कराना और जिसका जो हक बनता है, उसे देना जरूरी है। उन्होंने कहा, मैंने संसद में पूछा कि हम भारत माता का गुणगान करते हैं, लेकिन भारत की जनसंख्या कितनी है, ये कोई नहीं जानता। इसलिए मैंने संसद में जाति जनगणना की मांग की। उन्होंने कहा, जब से उन्होंने जाति जनगणना की बात कही है, मोदी ने अपना भाषण बदल दिया है। तब से मोदी कहते हैं कि भारत में एक जाति है और वह है गरीब। जब चुनाव जीतने का समय आता है तो मोदी ओबीसी बन जाते हैं, लेकिन जब ओबीसी वर्ग को भागीदारी देने की बात आती है, तो कहते हैं केवल एक ही जाति है और वह है गरीब। भारत सांसदों और विधायकों से नहीं चलता। कैबिनेट सचिव और प्रधानमंत्री के साथ कम से कम 90 अधिकारी देश चलाते हैं। ये लोग तय करते हैं कि बजट का कितना पैसा देश के स्वास्थ्य, शिक्षा, बीमा योजना और रक्षा में जाएगा। इन 90 अधिकारियों में से कितने आईएएस अधिकारी पिछड़े वर्ग से हैं? पिछड़ी आबादी लगभग 50 प्रतिशत है और इन 90 अधिकारियों में से केवल एक अधिकारी आदिवासी है और तीन अधिकारी दलित हैं। उन्होंने कहा कि आज पिछड़ों की आबादी लगभग 50 फीसदी है, मगर उनकी हिस्सेदारी पांच फीसदी से भी कम है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की और यात्रा के दौरान केवल एक या दो नारे ही सामने आए। राहुल गांधी ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा से निकला सबसे खूबसूरत नारा था, 'नफरत के बाजार में हमें प्यार की दुकान खोलनी है' राजस्थान के राजाखेड़ा, नदबई और गंगापुर सिटी में चुनावी रैलियों को संबोधित किया।

ब्रेन डेड लड़की ने चार लोगों को दी नई जिंदगी

नई दिल्ली(ए.)। पिंपरी के डीवीपू प्राइवेट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में इलाजरत 19 वर्षीय लड़की ने मौत के बाद भी चार लोगों को नई जिंदगी दे गई। डॉक्टरों ने बताया कि लड़की को इस वर्ष 8 नवंबर को हाइपोक्सेमिक इस्केमिक एन्सेफैलोपैथी से पीड़ित होने पर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 19 नवंबर को उसे ब्रेन-डेड घोषित कर दिया गया। ऐसी स्थिति में उसके परिजनों का काउंसलिंग किया गया। इसके बाद परिजनों ने

उसके अंग दान करने का फैसला किया। उसके परिजनों की सहमति से हृदय, लीवर, दो किडनी और एक जोड़ी फेफड़े दान कर दिए गए। एक किडनी और लीवर जिंदगी और मौत से जूझ रही 45 वर्षीय एक महिला को दान में दिया गया और जिसका अंग प्रत्यारोपण 20 नवंबर को हुआ। दूसरी किडनी, हृदय और फेफड़ों की जोड़ी एक अन्य अस्पताल को दान स्वरूप दिया गया।

डॉ. डीवाई पाटिल विद्यापीठ (डीम्ड विश्वविद्यालय), पिंपरी की प्रो-चांसलर डॉ. भाग्यश्री पी पाटिल ने कहा, 'अंग दान से बड़ा पुनीत कार्य इस दुनिया में कोई और नहीं हो सकता है, क्योंकि ये जीवन बचाने का अंतिम उपाय है'. डीपीयू अस्पताल की सीईओ डॉ. मनीषा करमरकर ने कहा 'हमारे सक्षम अंग प्रत्यारोपण विशेषज्ञ जटिल और दुर्लभ सर्जरी को सफल बनाने में अहम योगदान दिया है।'

महाराष्ट्र में बस पलटने से 3 लोगों की मौत

कोल्हापुर(ए.)। महाराष्ट्र में कोल्हापुर के बाहरी इलाके पुइखाड़ी में गुरुवार की सुबह कोल्हापुर-राधानगरी रोड पर हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई।पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, एक तेज रफ्तार निजी स्लीपर कोच बस पणजी से मुंबई जा रही थी। इसी दौरान पुइखाड़ी में पलट गई, जिसके कारण एक परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर मौत हो गई।

'लादेन' बुन रहा है खतरनाक हनी ट्रैप...

युद्धविराम होते ही इजरायली सेना के अभियान को पटरी से उतार देगा हमास

गाजा पट्टी(ए.)। इजरायल और हमास के बीच अगले कुछ दिन के लिए गाजा में युद्ध विराम करने का समझौता हुआ है। इसके तहत हमास बंधकों को छोड़ेगा तो इजरायल अपनी जेलों में बंद फिलीस्तीनियों को रिहा करेगा। एक तरफ ये डील फाइनल हो रही है तो दूसरी ओर इजरायल को कई संदेह भी हैं। इजरायल को लग रहा है कि ये डील उसके लिए नुकसान का सौदा साबित हो सकती है। इस डील से हमास अपने लिए ज्यादा फायदा ले सकता है और युद्धविराम के बाद इजरायल पर सैन्य ऑपरेशन में नरमी लाने का अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ सकता है। इजरायल के अखबार यरुशलम पोस्ट के मुताबिक, देश के रक्षा विभाग के अधिकारियों को लगता है कि गाजा में हमास का चीफ याह्या सिनवार दक्षिणी गाजा पट्टी में मानवीय संकट का फायदा उठाने की कोशिश में है।

इस रणनीति के तहत खान यूनिस का लादेन कहा जाने वाला याह्या सिनवार इजरायली रक्षा बलों पर इतना अंतरराष्ट्रीय दबाव डालना चाहता है कि आगे अपने अभियान को तेज ना कर सकें। खान यूनिस ही सिनवार का मुख्य कमांड सेंटर है।

माना जा रहा है कि दबाव में इजरायली सेना अपेक्षाकृत सीमित ऑपरेशन के लिए, तैयार हो सकती है, जिससे हमास को कोई खास नुकसान नहीं होगा। इजरायली अफसरों का मानना है कि सिनवार युद्धविराम के बाद जमीनी अभियानों को फिर से शुरू करने में देरी कराने की योजना बनाने में जोरशोर से जुटा है।

मानवीय संकट दिखाकर रोका जाएगा सैन्य अभियान!

इजरायल को लग रहा है कि कई अरब और यूरोपीय देश मानवीय सहायता के साथ दक्षिणी गाजा पट्टी को मजबूत करने की योजना बना रहे हैं। उनका उद्देश्य क्षेत्र में रहने वाले दस लाख से अधिक शरणार्थियों की सहायता करना है। इजरायल में सरकारी गतिविधियों की समन्वयक संस्था, सीओजीएटी और विदेश मंत्रालय के अधिकारी इस विचार से सहमत हैं कि हमास विभिन्न देशों से अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों और रसद के गाजा में प्रवेश की प्रतीक्षा करेगा। इनके पहुंचने के बाद हमास क्षेत्र में मानवीय संकट को उजागर करने वाला एक अभियान शुरू करेगा। इजरायल को लगता है कि गाजा में हमास का कमांडर याह्या सिनवार एक प्लान के तहत काम कर रहा है। वह ये जाल बिछा रहा है कि जितना अधिक समय बीतेगा, उतना ही अधिक वह दक्षिणी गाजा पट्टी को अंतरराष्ट्रीय मानवीय संकट का सामना करने वाले क्षेत्र के रूप में प्रचारित करेगा। इस तरह से वह आईडीएफ पर दबाव बनाने और दक्षिण में अभियान तेज करने के उसके प्रयासों को विफल करने का इरादा रखता है। ऐसी स्थिति बनी और अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ा तो आईडीएफ अपेक्षाकृत सीमित ऑपरेशन का विकल्प चुन सकती है। खान यूनिस या राफा को निशाना बनाने के बजाय इजरायली सेना नुसेरात, अल-बुरायज और दीर अल-बलाह जैसे केंद्रीय शिविरों पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। इजरायली बल दक्षिणी गाजा पट्टी के उन क्षेत्रों में सीमित अभियान चला सकते हैं, जो मानवीय क्षेत्र नहीं हैं। इसका नुकसान आईडीएफको ये होगा कि इस तरह की कार्रवाइयों से हमास पर खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, जिससे बचे हुए बंधकों की रिहाई में भी मुश्किल आ सकती है। यरुशलम पोस्ट का कहना है कि सिनवार पर सीधा दबाव बनाने के लिए आईडीएफ को उसके कमांड सेंटर खान यूनिस के आसपास के क्षेत्र में टैंक तैनात करने चाहिए। अगर सिनवार को अपने स्थान के निकट के क्षेत्रों पर सेना का नियंत्रण नहीं दिखता है, तो उसे संदेह हो सकता है कि आईडीएफ खान यूनिस में अभियान बढ़ाने का इरादा रखता है।

ईडी का हैदराबाद में तलाशी अभियान

हैदराबाद(ए.)। ईडी ने सैयद बुरहानुद्दीन और अन्य से जुड़े धन शोधन के मामले यहां तलाश अभियान शुरू किया है। जांच एजेंसी की ओर से जारी बयान के मुताबिक जांच धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले से जुड़ी है। ईडी ने एक शिकायत के जवाब में हैदराबाद पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की है। शिकायत में कहा गया है कि सैयद बुरहानुद्दीन ने अपने सहयोगी वेंकटरमण यादव के माध्यम से नयी दिल्ली स्थित ईडी को एक झूठी शिकायत सौंपी थी जिसमें एक व्यक्ति पर धन शोधन, हवाला लेनदेन और अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।प्राथमिकी में कहा गया है कि सैयद बुरहानुद्दीन ने नकली ईडी स्टांप का उपयोग करके फर्जी दस्तावेज तैयार किए, जिसमें ईडी द्वारा शिकायत की कथित पावती भी शामिल थी।

डॉक्टर्स-नर्सिंग स्टाफ के विवाद की जांच करेगी 5 सदस्यीय कमेटी

नोटिस से नाराज दिन में डॉक्टर्स ने भी दिया था धरना, आश्वासन के बाद माने

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में एम्स में नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टरों के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स आईपीडी गेट के सामने धरने पर बैठ गए। हालांकि आश्वासन के बाद वे मान गए। सीनियर डॉक्टर एम्स मैनेजमेंट की ओर से मिले नोटिस से नाराज हैं। एम्स प्रबंधन ने मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है।

एम्स भोपाल के पीआरओ केडी शुक्ला ने बताया कि यह कमेटी डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह को रिपोर्ट सब्मिट करेगी। उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। संस्थान के सभी डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ड्यूटी कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले बुधवार रात एम्स का नर्सिंग स्टाफ धरने पर बैठ गया था। नाराज कर्मचारियों ने डॉक्टर्स पर बदतमीजी का आरोप लगाया। बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद डॉक्टर की शिकायत पर नर्सिंग स्टाफ को प्रबंधन ने नोटिस दे दिया। इस पर नर्सिंग स्टाफ ने नाराजगी जाहिर की।

बता दें कि एम्स में 1200 से अधिक नर्सिंग स्टाफ है, जिसमें से करीब 400 से अधिक स्टाफ ने धरना प्रदर्शन किया था। हालांकि

एम्स प्रबंधन के आश्वासन के बाद रात में ही प्रदर्शन खत्म हो गया था।

नर्सिंग स्टाफ का आरोप- हमारा पक्ष लिए बिना कार्रवाई कर दी नर्सिंग स्टाफ का आरोप है कि डॉक्टर अक्सर कर्मचारियों से बदमतीजी से बात करते हैं। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे ऑपरेशन के दौरान यही हुआ था। स्टाफ का कहना है कि विवाद की जानकारी मिलने के बावजूद उपनिदेशक (प्रशासन) कर्नल अजीत कुमार ने नर्सिंग स्टाफ को नोटिस जारी कर दिया। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ का पक्ष लिए बिना कार्रवाई कर दी।

नर्सिंग स्टाफ ने एम्स निदेशक डॉ. अजय सिंह से दखल देने की अपील की है। डॉ. राघवेंद्र विधुआ फैकल्टी एसोसिएशन के मेंबर सेक्रेटरी हैं। इन्होंने ही नर्सिंग स्टाफ को नोटिस दिया है। वह सिर्फ डॉक्टरों की ही सुनते हैं। पहले भी जो विवाद हुए, उनमें भी एक्शन सिर्फ नर्सिंग स्टाफ के खिलाफ ही लिया गया।

विवाद का वीडियो भी आया सामने

मंगलवार को हुए विवाद का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो एम्स के बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग का है, जिसमें कुछ डॉक्टर नर्सिंग ऑफिसर प्रशांत भाटिया को धमकी और गाली देते नजर आ रहे हैं। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर ने विभाग पर कई गंभीर आरोप भी लगाए।

भाटिया ने आरोप लगाया कि अस्पताल में सबसे खराब तरीके से मरीजों से बात बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉक्टर ही करते हैं। स्टाफ की मानें, तो इसमें तीन डॉक्टर्स जो कि बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग के अलावा यहां के फैकल्टी हैं। डॉक्टर दीपक कृष्णा, डॉक्टर मनाल एम खान और डॉक्टर गौरव चतुर्वेदी ने स्टाफ के साथ बदसलूकी की।

एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टर्स दोनों तरफ से शिकायतें मिली हैं। जांच कमेटी बना रहे हैं। रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक संतोष कुमार एवं सहायक शिक्षक राय निलंबित

सिवनी नव प्रदेश। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षक श्री संतोष कुमार बिसेन, प्राथमिक शाला कोटकसा विकासखण्ड कुरई एवं सहायक शिक्षक श्री प्रकाश चंद्र राय प्राथमिक शाला चिखली को अजाक थाना सिवनी में अपराध पंजीबद्ध होने से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। श्री बिसेन का मुख्यालय विकासखण्ड अधिकारी छपारा एवं श्री राय का मुख्यालय विकासखण्ड अधिकारी घंसौर नियत किया गया है। संबंधितों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

नवजात शिशु का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

सिवनी नव प्रदेश। सिवनी जिले के छपारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भीमगढ़ चौकी के भीमगढ़ कॉलोनी ग्राम में एक नवजात शिशु का शव मिला है। भीमगढ़ कॉलोनी में पोस्ट ऑफिस मोहल्ला क्षेत्र में कुछ लोगों ने लगभग 7 माह के नवजात शिशु के शव को पड़ा हुआ देखा। इसकी सूचना छपारा पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने नवजात के शव का पंचनामा बनाया है। पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा लाया गया। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। नवजात शिशु के संबंध में जानकारियां जुटा जा रही है। भीमगढ़ चौकी प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि शव पोस्ट ऑफिस मोहल्ला के समीप कुएं के पास मिला है। कुछ बच्चे खेल रहे थे, उन्होंने शव को देखकर इसकी जानकारी परिजनों की दी। ऐसा अनुमान है कि किसी महिला ने गर्भपात करा कर नवजात को फेंक दिया है। गांव में पूछताछ की जा रही है।

न्यूज गैलरी

मतगणना तैयारियों की कलेक्टर सिंघल ने की समीक्षा

सिवनी नव प्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने बुधवार को वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ मतगणना से जुडे अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को आयोग के दिशा निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ ईवीएम एवं डाक मत पत्र गणना के संबंध में दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया विधानसभावार मतगणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति करते हुए सभी के प्रशिक्षण पूर्ण किये गये। इसी तरह उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मतगणना कक्ष की संपूर्ण व्यवस्थाऐं पूर्ण करने तथा निर्धारित स्थलों, प्रवेश स्थल बैरिकेटिंग करने के निर्देश दिये। इसके साथ-साथ कम्युनिकेशन, मीडिया सेंटर सहित अन्य स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर भी कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

मतगणना स्थल पर अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश निषेध

सिवनी नव प्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार आगामी 03.12.2023 को होने वाली मतगणना के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने आदेश जारी कर शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सिवनी में विधानसभा क्षेत्र 114-बरघाट, 115-सिवनी,116-केवलारी, 117-लखनादौन की होने वाली मतगणना में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रांगण में प्रवेश निषेध कर दिया है। आदेशानुसार उम्मीदवारों/ गणना अभिकर्ताओं और गणना के अधिकारियों/कर्मचारियों की पहचान की जायेगी। निर्वाचन आयोग जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जारी फोटो आई कार्ड के बिना कोई व्यक्ति प्राथमिक सुरक्षा घेरा के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। उक्त संबंध में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु श्री महेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर सिवनी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

चकरामपुर हत्याकांड में चौथी मौत: मुन्ना भदौरिया की अस्पताल में मौत

पहले ही पत्नी, छोटा भाई और भतीजे की जा चुकी जान

शिवपुरी/नवप्रदेश। जिले की नरवर तहसील के चकरामपुर गांव में हुए खूनी संघर्ष में गुरूवार को 6वें दिन भदौरिया परिवार के एक और सदस्य की मौत हो चुकी है। वोटिंग के दिन हमले में घायल मुन्ना भदौरिया (50) की भी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। मुन्ना का ग्वालियर हॉस्पिटल में अस्पताल इलाज चल रहा था। इसके पहले घटना वाली रात पत्नी आशा देवी(42), छोटा भाई लक्ष्मण(45) और भतीजे हिमांशु उर्फ अमर सिंह(20) की जान चुकी है। गौरतलब है कि अब मुन्ना भदौरिया के दो बेटे राजेंद्र (28) और योगेंद्र (27) और ममेरा भतीजा सौरभ (25) पुत्र विजेंद्र का उपचार ग्वालियर में चल रहा। वहीं, कुशवाह पक्ष के दिनेश (26) पुत्र वीरसिंह कुशवाह का भी उपचार ग्वालियर के अस्पताल में जारी है।

डेढ़ महीने पहले डीजे बजाने पर हुआ था विवाद

26 सितंबर 2023 के गणेश विसर्जन जुलूस के वक्त दोनों पक्षों के बीच डीजे बजाने को लेकर विवाद हुआ था। इसे भी वजह माना जा रहा है। बताया गया है 17 नबंवर मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी। यह बात

देख लेने तक पहुंच गई थी।

17 नवंबर की रात 9 बजे के करीब झगड़ा हुआ। बताया गया है कि कुशवाह पक्ष के दो सैकड़ा लोगों ने पहले बोलेरो में सवार भदौरिया परिवार के सदस्यों ने हमला बोल दिया था। इस हमले में अब तक चार लोगों के जान जा चुकी है। वहीँ दोनों पक्षों के चार लोगों का उपचार अब भी जारी है।

गांव में पुलिस ने बढ़ाई चौकसी

मुन्ना भदौरिया की मौत के बाद पुलिस ने चकरामपुर गांव में पुलिस का पहरा बड़ा दिया है बता दें 17 नवंबर की रात से लगातार पुलिस गांव में डटी हुई है। जबकि गांव के 85 फीसदी लोग गांव को छोड़कर जा चुके है। गांव में कुछ परिवार ही निवास कर रहे है। वहीँ रात-दिन पुलिस को माहौल शांत रखने के लिए मेहनत करनी पड़ रही है।

सरिए से दागा गया मासूम ऑक्सीजन सपोर्ट पर: निमोनिया होने पर टोटका

मां का दूध भी नहीं पी पा रहा, इंफेक्शन का डर

उज्जैन/नवप्रदेश। उज्जैन में निमोनिया होने पर डेढ़ महीने के बच्चे को गर्म सरिए से दागा गया। सांस लेने में तकलीफ होने पर उसे बुधवार को अस्पताल लाया गया। मासूम दो दिन से चरक अस्पताल में भर्ती है। गुरुवार को भी बच्चा ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। वह मां का दूध भी नहीं पी पा रहा है। उसे इंफेक्शन का खतरा भी बना हुआ है।

परिवार टोने-टोटके से मना कर रहा है। उनका दावा है कि बच्चा दूसरे बच्चे की गलती से जल गया। जबकि, PICU (बाल गहन देखभाल इकाई) के डॉक्टरों का कहना है कि बच्चे के शरीर पर निशान को देखकर लग रहा है कि उसे गर्म सरिए से दागा गया है।

उज्जैन जिले के महिदपुर तहसील के किशनखेड़ी में रहने वाले सोनू और मधु बेटे अजीत को गंभीर हालत में चरक अस्पताल लेकर आए थे। उसे बुखार के साथ सर्दी-खांसी भी है। दंपती ने बताया कि बच्चे को जन्म से ही निमोनिया है। कई जगह इलाज कराया, ठीक

नहीं हुआ।

डॉक्टरों के आगे दादा हाथ जोड़कर बोला- गलती हो गई

माता-पिता ने अस्पताल स्टाफ को बताया कि दूसरे बच्चे ने उनके बच्चे को जला दिया है। यही बात दोहराते हुए बच्चे के दादा बहादुर ने डॉक्टरों के आगे हाथ जोड़कर कहा, छोटे बच्चे ने गलती कर दी। मैं किसी अंधविश्वास में नहीं पड़ता, लेकिन आप जो बोल रहे हैं, सही है, अब हम क्या बोलें...।

डॉक्टर बोलीं- सीने पर क्रॉस का निशान, बच्चा नहीं कर सकता

RMO निधि जैन ने कहा, बच्चा 1 महीने 10 दिन का है। उसके सीने पर क्रॉस का निशान है। शायद बच्चे के पेरेंट्स डर गए हैं कि उन्होंने गुनाह तो किया है, इसीलिए बता रहे हैं कि एक 4 साल के बच्चे ने जला दिया। जबकि, इतना क्लियर मार्क 4 साल के बच्चे से देना संभव नहीं है। गांव के बाबा-बैरागी लोगों को अंधविश्वास में फंसा लेते हैं। कहीं न कहीं जन जागरुकता की कमी है। दादा कह रहे हैं कि बच्चे ने किया है, फिर गलती भी मान रहे हैं।

ऐसे प्रयोग से जान का खतरा

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वायके शाक्य ने बताया कि निमोनिया या अन्य बीमारी में इस तरह का प्रयोग करना उचित नहीं है। बच्चे की जान को खतरा हो सकता है। उसके शरीर में इंफेक्शन फैल सकता है। बच्चों को निमोनिया होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

सिवनी नव प्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्री राजेश कुमार गुप्ता अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के कुशल मार्गदर्शन में श्री विकास शर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशन में आज दिनांक 23.11.2023 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में श्रीमती प्रेमा साहू जिला न्यायाधीश सिवनी द्वारा बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना, पास्को एक्ट, बाल विवाह, साइबर अपराध, गुड टच बैड टच की जानकारी दी।

प्लास्टिक गोदाम में लगी भीषण आग: देखते ही देखते जल गया दुकान-गोदाम

जबलपुर/ नवप्रदेश। जबलपुर के ओमती थाना अंतर्गत झूलेलाल मंदिर के पास गुरुवार की रात प्लास्टिक गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपए का माल जल गया। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग के करीब 10 से ज्यादा वाहन पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। बताया जा रहा है कि अचानक हुई शार्ट सर्किट के कारण पहले दुकान और फिर गोदाम में आग लगी, और फिर धीरे-धीरे चारों तरफ फैल गई। आग लगने की जानकारी मिलते ही ओमती थाना पुलिस का अमला मौके पर पहुंचकर भीड़ को कंट्रोल करने में जुटा रहा।

ओमती थाना अंतर्गत झूलेलाल मंदिर के पास कृष्णा टॉय की गोदाम है। शाम को अचानक ही दुकान में शार्ट सर्किट हुआ। जब तक दुकान संचालक कुछ समझ पाते तब तक आग तेजी से बढ़ते हुए दुकान के बाद गोदाम तक पहुंच गई, और दुकान के बाद गोदाम को भी जला दिया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। स्थानीय निवासी यश ने बताया कि शाम को दुकान के पास से कुछ लोगों ने धुँआ निकलते देखा था। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

आग लगे दो घंटे से अधिक का समय हो चुका है। लेकिन आग अभी भी लगी हुई है। जिस जगह आग लगी है। वह रिहायसी और सकरा एरिया है। इस वजह से आग बुझाने में परेशानी जा रहीं है। दमकल विभाग के मुताबिक दुकान-गोदाम में आग लगने से अभी तक कितना नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी अभी मिल पाई है।

जिला शिक्षा अधिकारी का साइकिल से शालाओं का औचक निरीक्षण

सिवनी नव प्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा साइकिल से नगर की 03 शालाओं का औचक निरीक्षण किया गया । प्राथमिक शाला बाबरिया में प्रातः 10.35 बजे दो शिक्षक अनुपस्थित पाए गए , पुलिस लाइन स्कूल में सभी शिक्षक उपस्थित मिले तथा अध्यापन भी सुव्यस्थित पाया गया । इसी क्रम में साइकिल से 11.05 बजे हाईस्कूल महात्मा गांधी सिवनी का निरीक्षण में 03 शिक्षक अनुपस्थित मिले । लापरवाही करने

वाले शिक्षको को नोटिस जारी किया गया । सभी प्राचार्यो , शिक्षको को सूचित किया गया है कि पूर्ण समर्पण के साथ अध्यापन करावें। अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए तैयार रहें । साइकिल से निरीक्षण के दौरान स्कूल में शिक्षको ने जिला शिक्षा अधिकारी को पहचाना ही नही , फिर डीईओ द्वारा अपना परिचय पत्र दिखाया ।

बूंदों का सौंदर्य : शरीर पर मोती की तरह जमी ओस की बूंदें लगातार गिर रहा है पारा

सिवनी नव प्रदेश। इन दिनों तापमान में कमी देखी जा रही है। जंगली इलाकों में सुबह के समय ओस भी देखी जा रही है। खासकर पेंच नेशनल पार्क से जुड़े क्षेत्रों में। इन दिनों शहरी इलाकों में न्यूनतम तापमान 15-16 डिग्री सैल्सियस के आसपास है। ग्रामीण और जंगल से लगे इलाकों में तापमान और भी गिर जाता है। सर्दी के मद्देनजर इंसान तो गर्म कपड़ों, आग आदि का इंतजाम कर लेता है लेकिन मूक पशु, पक्षी आदि परेशान होते रहते हैं। इस मौसम में तितलियां, ड्रैगन फ्लाई आदि पूरी रात ओस की ठंडी बूंदों से नहाते रहते हैं। सुबह धूप खिलने पर ही उन्हें राहत मिलती है।

फोटोग्राफर ने उतारी शानदार तस्वीरें पेंच नेशनल पार्क में नैचुरालिस्ट के रूप में काम कर रहे इमरान खान ने ओस की बूंदों में नहाए तितलियों, ड्रैगन फ्लाई आदि छोटे जीवों की शानदार तस्वीरें क्लिक की हैं। इन तस्वीरों में तितलियों और

दूसरे जीवों के पंखों में ओस की बूंदें किसी मोती की मानिंद चमक रहीं हैं। इमरान का कहना है कि सर्द रातों में जब हम गर्म कपड़े पहन कर सो रहे होते हैं ऐसे में ये छोटे जीव खुले आसमान के नीचे रहते हैं। रात में ओस की बूंदें उनके परों पर जम जाती हैं। सुबह जब धूप निकलती है तो इन बूंदों का वाष्पन होता है और तब इन्हें राहत मिलती है।

कलेक्टर भिण्ड की निष्पक्षता पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने उठाए सवाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से कलेक्टर भिण्ड को मतगणना से पृथक रखने की कांग्रेस ने की मांग

भोपाल/नवप्रदेश। विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने आज कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भिण्ड संजीव श्रीवास्तव की निष्पक्षता पर संदेह उठाते हुए उन्हें मतगणना की प्रक्रिया से अलग रखने की मांग की है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से मुलाकात करके कहा कि भिण्ड कलेक्टर शुरू से ही चुनाव को प्रभावित करने और भाजपा के एजेन्ट के रूप में काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि भिण्ड कलेक्टर अपनी पदस्थापना के समय से ही अपने अधीनस्थ अधिकारियो से यह पूछते रहे हैं कि डॉ. गोविन्द सिंह सात बार किस प्रकार चुनाव जीते है। डॉ. गोविन्द सिंह ने बताया कि भिण्ड कलेक्टर पूरे जिले के निर्वाचन अधिकारी है, लेकिन मतदान के दिन वे केवल लहार विधानसभा क्षेत्र में पूरे दिन मतदान शुरू होने से लेकर समाप्त होने तक घूमते रहे । उनके निर्देश पर बीएसएफ कर्मी मतदान करने वाले मतदाताओं के आधार कार्ड की जांच कर रहे थे। जबकि यह काम पीठासीन अधिकारी का हैं। बीएसएफ द्वारा मतदाताओं से पूछताछ किये जाने से क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया। डॉ. सिंह ने कहा कि मतदान केन्द्र 50 धनुपुरा और 45 गांध में अनेक मतदाताओं के साथ मारपीट की गई जिससे कोई मतदान नहीं कर सके। कलेक्टर के इशारे पर कांग्रेस पार्टी के मतदान अभिकर्ताओं को मतदान केन्द्र से बाहर बैठाकर रखा गया और पीठासीन अधिकारियों द्वारा भाजपा के पक्ष में फर्जी मतदान कराया गया। लहार में निर्वाचन के कार्य में लगे शासकीय अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा डाले गये डाक मत पत्रों को कोषालय में जमा नहीं किया गया। इसकी शिकायत करने के बाद लहार की आईटीआई में एक खुली अलमारी में डाक मत पत्र पाये गय जिसमे कई लिफाफे खुले हुये थे। एक दिन बाद इन डाक मत पत्रों को कोषालय में जमा कराया गया। डॉ. गोविन्द सिंह बताया कि कई कर्मचारी जो ड्यूटी में संलग्न थे लेकिन उनका नाम डाक मत सूची नहीं शामिल किया गया जिससे वह मतदान से वंचित रह गये। डॉ. गोविन्द सिह मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से कहा कि उन्हें कलेक्टर भिण्ड के रवैये को देखते हुए संदेह है कि उनके रहते निष्पक्षतापूर्वक मतगणना संभव नहीं है। उन्होंने मांग की है कि लहार क्षेत्र की मतगणना से कलेक्टर भिण्ड को अलग रखते हुए

संपादकीय

नेताओं की हेट स्पीच पर लगाम आखिर कब

जब भी कोई चुनाव आता है बड़बोले नेताओं के बीच बदजुबानी करने की होड़ लग जाती है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान भी बयानवीर नेताओं के बीच जमकर जुबानी जंग चल रही है। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने के साथ ही ये नेता अपनी लकीर को बड़ा दिखाने की कोशिश में दूसरे की लकीर को मिटाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे है। यहां तक तो चलता है लेकिन जब नेताओं की जुबान बेलगाम हो जाती है तो चुनावी माहौल पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। यहां तक की **अनरगल** बयानबाजी करने वाले नेताओं के कारण खुद उनकी पार्टी का भट्ठा बैठने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। इसके बावजूद बड़बोले नेता अपत्तिजनक बयानबाजी से तौबा करने के लिए तैयार नहीं होते कुछ नेता तो हेट स्पीच भी देते हैं। तेलंगाना विधासभा चुनाव के दौरान अकबरूद्दीन ओवैसी ने एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पुलिस वालों को ही धमकी दे डाली। वे देर रात तक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। और उन्हें रात्रि 10 बजे अपना उद्बोधन समाप्त करना था। 10 बजने में जब 5 मिनट बाकी थे तो वहां ड्यूटी पर तैनात एक इंस्पेक्टर ने उन्हें समय की याद दिलाई इस पर छोटे ओवैसी अपना आपा खो बैठे और धमकी दी की वे अगर एक इशारा कर देगें तो पुलिस वाले भागते नजर आएगें। गौरतलब है कि इसके पहले भी ओवैसी बंधु इस तरह के अपत्तिजनक बयान देते रहे हैं। उनके खिलाफ एफआईआर भी हुई है लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। पुलिस वालों को धमकी देने के आरोप में उनके खिलाफ फिर से थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है लेकिन हेट स्पीच के मामले में उनपर कोई सख्त कार्यवाही होने की उम्मीद नहीं है। दरअसल आज तक हेट स्पीच की परिभाषा ही तय नहीं हो पाई है। इस बारे में चुनाव आयोग ने पहले ही यह कहते हुए अपने हाथ खड़े कर दिए हैं कि सुप्रीम कोर्ट हेट स्पीच की परिभाषा तय करें। उल्लेखनीय है कि हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। जिसमें याचिकाकर्ता ने हेट स्पीच देने वाले नेताओं के चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस पर जब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा तो चुनाव आयोग ने कह दिया की उसके लिए हेट स्पीच की पहचान करना मुश्किल है क्योंकि अभी तक हेट स्पीच की परिभाषा तय नहीं हुई है। यही वजह है की बड़बोले नेता बेखौफ होकर हेट स्पीच देते रहते हैं। देश के लगभग 100 नेताओं पर हेट स्पीच देने का आरोप लग चुका है लेकिन उनके खिलाफ अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में हेट स्पीच पर आखिर कब लगाम लगेगी यह विचारनीय है। हर चुनाव के दौरान देखा गया है की कुछ बयानवीर नेता इसी तरह उल-जुलूल बयान देते हैं और चुनावी माहौल को खराब करते हैं। चूंकि इस मामले में चुनाव आयोग के हाथ बंधे हुए हैं। उसी का नाजायज़ फायदा उठाकर नेता बोलवचन करते रहते हैं ऐसे नेताओं के खिलाफ उनकी पार्टी भी अनुशासनात्मक कार्यवाही करने में कोताही बरतती हैं। अव्वल तो ऐसे बड़बोले नेताओं के खिलाफ कोई कार्यवाही की ही नहीं जाती और यदि बात बढ़ जाती है तो दिखावे के लिए ऐसे बयानवीर नेता को कुछ समय के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया जाता है और मामला ठंडा पड़ते ही उसे फिर ना सिर्फ बहाल कर दिया जाता है बल्कि पार्टी में उसका कद और बढ़ा दिया जाता है। यही कारण है कि बयानवीर नेताओं के हौसले बढ़ते ही जा रहे हैं। बहरहाल अब समय आ गया है कि हेट स्पीच की नई परिभाषा गढ़ी जाए और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

शानदार रहा भारत का विश्व कप का सफर

योगेश कुमार गोयल

19 नवम्बर को अहमदाबाद में खेले गए विश्व कप 2023 के फाइनल में आस्ट्रेलिया ने भले ही भारत पर 6 विकेटों से आसान जीत हासिल करते हुए विश्व कप जीत लिया लेकिन पूरे विश्व कप मुकाबले में इस बार भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। पहले ही मैच में आस्ट्रेलिया को 6 विकेटों से हराने के साथ ही भारतीय टीम ने विश्व कप में अपनी जीत का शानदार आगाज किया था, जो फाइनल मुकाबले में आस्ट्रेलिया के ही हाथों 6 विकेटों से ही मिली हार के साथ ही टूटा। हालांकि रोहित शर्मा की इस टीम ने विश्व कप के कुल 11 मैचों में कई ऐसे रिकॉर्ड तोड़े तथा कुछ नए मुकाम हासिल किए, जिनका भारत को लंबे समय से इंतजार था। सबसे बड़ा रिकॉर्ड तो लगातार 10 मैचों में जीत दर्ज कराने का ही रहा। यह भारत का किसी भी आईसीसी विश्व कप में सर्वाधिक बार लगातार जीत का नया रिकार्ड है। इससे पहले 2003 और 2015 में भारत ने लगातार 8 जीत हासिल की थी। हालांकि किसी एक टूर्नामेंट में सर्वाधिक 11 जीत का रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के नाम है, जिसने 2003 और 2007 में यह रिकॉर्ड बनाया था। भले ही आस्ट्रेलियाई टीम इस बार विश्व चैम्पियन बनी है लेकिन जिस प्रकार भारतीय टीम विश्व कप में शुरूआत से ही न सिर्फलगातार जीत रही थी बल्कि सभी मुकाबलों में लगातार बहुत बड़े अंतर से जीतते हुए विपक्षी टीमों का मनोबल भी बुरी तरह से तोड़ने में सफल होती रही, उसे देखते हुए कहना गलत नहीं होगा कि इस बार के विश्व कप की सबसे मजबूत टीम भारतीय टीम ही थी। कभी जिस भारतीय टीम की बल्लेबाजी को 'फैब फाइव' के नाम से जाना जाता था, इस बार उसी भारतीय टीम की गेंदबाजी ने लगातार 10 मैचों में सफलता दिलाने में शानदार भूमिका निभाई। पूरे विश्व कप के दौरान मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह सबसे खतरनाक पेस और सीम अटैक के बेताज बादशाह के रूप में उभरे जबकि रविन्द्र जडेजा तथा कुलदीप यादव की जोड़ी सबसे खतरनाक स्पिन बॉलर्स के रूप में दुनिया के सामने आई। एक ओर जहां रिकी पोंटिंग ने इसे भारत का सर्वकालीन सबसे खतरनाक बॉलिंग अटैक बताया, वहीं इंग्लैड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन ने इन्हें 'फैब फाइव' के नाम से संबोधित किया। पहले मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को 6 विकेटों से हराया था। उसके बाद दूसरे मैच में अफगानिस्तान को 8 विकेटों से और तीसरे मैच में पाकिस्तान को तो न केवल 7 विकेटों से धूल चटाई बल्कि पूरी पाकिस्तानी टीम को 31वें ओवर में ही समेट दिया था। चौथा मैच भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 7 विकेटों से जीता, पांचवें मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेटों से जीत हासिल की। छठा मैच इंग्लैंड से 100 रनों से जीता, सातवें मैच में तो भारत ने श्रीलंका को केवल 55 रनों पर ही आउट करते हुए 302 रनों से मैच जीता। 8वें मैच में दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से, 9वें मैच में नीदरलैंड्स को 160 रनों से और 10वें मैच (सेमीफाइनल) में न्यूजीलैंड को 70 रनों से हराकर विश्व कप में लगातार बड़ी जीत हासिल की। पूरे विश्व कप टूर्नामेंट में मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा 24, जसप्रीत बुमराह ने 20, रविन्द्र जडेजा ने 16, कुलदीप यादव ने 15 और मोहम्मद सिराज ने 14 विकेट लिए। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के लिए यह विश्व कप यादगार बन गया। दरअसल विश्व कप की शुरुआत में शमी भारतीय टीम के इलेवन में शामिल नहीं थे, उनके स्थान पर टीम प्रबंधन द्वारा शार्दुल ठाकुर को प्राथमिकता दी गई थी लेकिन जब शमी को विश्व कप में खेलने का मौका मिला तो पहले ही मैच में पांच विकेट झटककर उन्होंने हर किसी को आश्चर्यचकित कर दिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में शमी ने 7 विकेट लिए। हालांकि शमी ने विश्व कप के 11 में से केवल मैच ही खेले और इनमें 24 विकेट लेकर भारतीय टीम को नई ऊंचाई पर पहुंचाया। विश्व कप में आईसीसी की वनडे रैंकिंग में शुभमन गिल ने भी पाकिस्तान के बाबर आजम से आगे निकलकर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने तो इस विश्व कप में कुछ ऐसे रिकॉर्ड भी बना डाले, जिन्हें तोड़ना असंभव सा लगता है। विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' अवार्ड भी उन्होंने अपने नाम किया। विश्व कप में यह अवार्ड जीतने वाले वे तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले यह अवार्ड सचिन तेंदुलकर और पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह को मिला था।

'वर्ल्ड कप' की 'चकाचौंध' में 'कालाबाजारी' 'ढंक' गई

राजीव खंडेलवाल

इस मैच के अन्य कई भी दुखद पहलू हैं। एक और दुखद पहलू इस आयोजन से निकल कर यह भी आया है कि देश के विभिन्न अंचलों में वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत की जीत के लिए दुआएं, प्रार्थनाएं यज्ञ, हवन इत्यादि मंदिर, मस्जिद, गिरजाघरों में की गई। परंतु दुर्भाग्य देखिए 41 मजदूरों का; जो निर्माणाधीन सुरंग के गिरने से अपनी जान हथेली पर लिए हुए कई दिनों से फंसे हुए हैं, उनकी सुरक्षित जान की सुरक्षा के लिए देश में ऐसी "आवश्यक दुआओं का उन्माद" नहीं देखा गया। कम से कम उन आठ प्रदेशों में तो जरूर होनी चाहिए थी, जहां के ये मजदूर रहवासी थे। इस मानवीय व राष्ट्रीय कमी को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। प्रधानमंत्री की मैच में पूर्व से नियत उपस्थिति के बाबत राहुल गांधी की अशोभनीय टिप्पणी भी बेहद निंदनीय है। यह भी मैच के परिणाम के बाद उत्पन्न परिस्थिति का एक और दुर्भाग्यपूर्ण पहलू है। कपिल देव व महेन्द्र सिंह धोनी को आमंत्रित न करना भी सिर्फ दुखद पहलू ही नहीं है, बल्कि बेहद शर्मनाक व खेल भावना के एकदम विपरीत कदम है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड "जय शाह" देश व खेल प्रेमी को इसका जवाब देंगे?

गुजरात के अहमदाबाद के "नरेन्द्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम" में अंततः वर्ल्ड कप क्रिकेट का महाकुंभ का भव्य रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। तथापि भारतीय टीम की पूरे वर्ल्ड कप में सकारात्मक लगातार विजय यात्रा के कारण उपजी उन्मादी उम्मीद के बावजूद परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहें। इससे प्रत्येक भारतीय को कहीं न कहीं कुछ चुभ रही गहरी निराशा, हताशा अवश्य हाथ लगी। बावजूद इसके 11 में से 10 मैच लगातार जीतकर भारतीय क्रिकेट ने विश्व क्रिकेट में अपना डंका निः संदेह स्थापित किया। खेल के विभिन्न क्षेत्रों में बल्लेबाजी एवं बॉलिंग में भारत के खिलाड़ियों का जलवा होकर वे सर्वश्रेष्ठ रहे। विराट कोहली सबसे बेस्ट बैट्समैन, मोहम्मद शमी सबसे बेस्ट बॉलर और मैन ऑफ द टूर्नामेंट विराट कोहली रहे। इसलिए तो क्रिकेट को "अनिश्चितताओं का खेल" कहा जाता है। वर्ल्ड कप के फाइनल के परिणाम ने एक बार फिर पूरी तरह से इसी धारणा को पुनः सिद्ध किया है। इसलिए जनता का उन्माद कर देने वाला असीम उत्साह व भारत के प्रधानमंत्री की प्रेरक उपस्थिति के बावजूद जिस परिणाम की चाहत व आकलन विश्व क्रिकेट के विशेषज्ञ पंडित कर रहे थे, दुर्भाग्यवश उससे हम वंचित रह गए। वस्तुतः शायद वह दिन हमारा था ही नहीं, आस्ट्रेलिया का दिन था। "जिससे अलख राजी, उससे ख़लक राजी"! परन्तु इसका विलोम भी उतना ही सही है। शायद इसी को "भाग्य" कहते हैं। इसलिए 'खेल' को खेल मैदान में खेल भावना से ही लिया जाना चाहिए। जिसका अभाव शायद इस फाइनल में देखने को मिला।

विश्व का सबसे धनी क्रिकेट संघ "भारतीय क्रिकेट बोर्ड" है, जिसकी सालाना आय लगभग 6558 करोड़ रू है। हारने के बावजूद भारतीय क्रिकेट टीम को 16.62 करोड रुपए की राशि मिली। क्रिकेट के "तीनों फॉर्मेट" में भारत की रैंकिंग टॉप में है। धन बल व खेल में अपनी श्रेष्ठता कई वर्षो से बनाये रखने के कारण भारतीय क्रिकेट संघ का विश्व क्रिकेट पर इतना दबाव रहा है कि अनेकों बार भारतीय क्रिकेटर्स अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट संघ व एशियन क्रिकेट संघ के अध्यक्ष व पदाधिकारी रहे हैं। यह भी कहा जाता है विश्व क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट संघ की तूती बोलती है और वह विश्व क्रिकेट संघ पर अपनी शर्त लागू (डिकटेट्) करता रहता है। भारतीय क्रिकेट संघ का इतना बड़ा वैभव, ब्रांडिंग व सक्षमता होने के बावजूद उनके द्वारा आयोजित क्रिकेट के विश्व के सबसे बड़े आयोजन वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा काला अध्याय जो रहा, वह न केवल मैच की टिकटों की अकल्पनीय कालाबाजारी रही, बल्कि खान-पान से लेकर होटल, टैक्सी व अन्य सुविधाओं के रेट भी सातवें आसमान को उसी तरह से छूने लगे, जिस तरह से हमारे "चंद्रयान ने चांद को छुआ"। इस कमर तोड़ कालाबाजारी (महंगाई नहीं) के लिए न केवल भारतीय क्रिकेट संघ जिम्मेदार है, बल्कि गुजरात सरकार और अहमदाबाद की महानगरपालिका भी पूर्णतः जिम्मेदार हैं।

हम क्रिकेट के खेल में और उसकी चकाचैंध में हाथी के समान इतने मतवाले हो गये कि क्रिकेट की चमक-धमक में अंध होकर शासन-प्रशासन क्या होता है, उनका क्या उत्तरदायित्व है, शायद उसे हम भूल ही गये, निभाने का प्रयास करना तो दूर की कौड़ी हो गई। हां हमने उस उत्तरदायित्व को पूरे जज्बे और ताकत के साथ निभाया जब वीवीआईपी लोगों के स्वागत आवभगत और सुरक्षा की बात रही हो। शासन-प्रशासन की उदासीनता व अव्यवस्था से आम जनता इस सदी के अभी तक के सबसे बड़े क्रिकेट के महाकुंभ के दर्शन लाभ व प्रसाद से वंचित रह गई। हमारे यहां तो "कुंभ" के दर्शन से प्रसाद तो मिलता ही है।

आम जनों की हितैषी का दावा करने वाली सरकार का क्या यह दायित्व नहीं था कि कि वह इस तरह की उपभोक्ताओं के साथ हुई कालाबाजारी के विरूद्ध समय पूर्व कड़े कदम उठाकर उस पर रोक लगाती, नियंत्रित करती? क्या खेल के कुंभ के समान भी धार्मिक कुंभ में भी ऐसा ही होता? या सरकार ने यह मान लिया था कि धार्मिक कुंभ में तो बहुसंख्यक आम सामान्य व्यक्ति आता है, "जिसकी कमाई हुई तो रोजी, नहीं तो रोजा"। लेकिन खेल के कुंभ में खासकर अभिजात वर्ग का कहलाने वाला खेल क्रिकेट के खेल को देखकर न तो सामान्य वर्ग आता है और न ही उसे आने का अधिकार है। सिर्फ एलीट (अभिजात) वर्ग को ही यह अधिकार शायद इसलिए है क्योंकि "अघाए हुए को ही मल्हार सूझता है"। इसलिए वह क्रिकेट बोर्ड और प्रशासन द्वारा की गई कालाबाजारी व उच्च दामों की व्यवस्था में "फिट" बैठता है। "अंधे ससुर से घूंघट क्या और क्या परदा"।

देश में विश्व स्तर के किसी भी आयोजन से हमारे देश की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई होती है। ठीक जिस प्रकार जी-20 का बेहद सफल आयोजन अभी हाल में ही दिल्ली में हुआ था। हमारी अत्यंत सुदृढ़, दुरुस्त सुंदर चकाचैंध कर देने वाली व्यवस्था ने विदेशी मेहमानों का दिल जीत लिया था और विश्व की मीडिया का भी सकारात्मक ध्यान आकर्षित हुआ। क्या यही सोच विचार के साथ व्यवस्था जब विदेशों से भी हजारों दर्शक वर्ल्ड कप देखने आ रहे हो, भले ही वे राष्ट्राध्यक्ष न हो, के प्रति नहीं होनी चाहिये? जिस प्रकार हम धार्मिक कुंभ में आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर सुरक्षा सहित समस्त आवश्यक मूलभूत व्यवस्था बनाते हैं, वैसी ही सामान्य जनों को "सामान्य प्रचलित रेट" पर वे व्यवस्थाएं इस क्रिकेट कुंभ में क्यों नहीं उपलब्ध कराई गई?

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1881 में 24 नवंबर के दिन ही भारत के स्वाधीनता सेनानी तथा राजनेता छोटूराम का जन्म हुआ था। 2006 में आज ही के दिन पाकिस्तान और चीन ने मुक्त व्यापार क्षेत्र संधि पर साइन किए थे। 1999 में 24 नवंबर के दिन ही एथेंस में संपन्न विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत की कुंजुरानी देवी ने रजत पदक जीता था। 1998 में आज ही के दिन एमाइल लाहौद ने लेबनान के राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। 1988 में 24 नवंबर के दिन ही दल बदल कानून के तहत पहली बार लोकसभा सांसद लालदूहोमा को अयोग्य बता दिया गया था। 1986 में आज ही के दिन तमिलनाडु विधानसभा में पहली बार एक साथ विधायकों को सदन से निष्कासित किया गया था। 1966 में 24 नवंबर के दिन ही कांगो की राजधानी किंसासा में पहला टीवी स्टेशन खुला था। 1926 में आज ही के दिन प्रख्यात दार्शनिक श्री अरविंदो को पूर्ण सिद्धि की प्राप्ति की थी। 1871 में 24 नवंबर के दिन ही नेशनल राइफल एसोसिएशन (एनवाईसी) का गठन था। 1759 इटली में विसूवियस पर्वत शिखर पर ज्वालामुखी विस्फोट हुआ।

QUIZ TIME

) राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान कहाँ स्थित है?

2) कोलाइटिस में प्रभावित होने वाला कौन-सा अंग है?

3) किस कारण लिफाफे पर गोंद लगा डाक टिकट चिपक जाता है?

4) हर बच्चे के लिए हर अधिकार नामक अभियान हाल ही में किस राज्य में शुरू किया गया है?

5) इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार 2022 हाल ही में किसे प्रदान किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) कोलकाता (2) छोटी व बड़ी आंत (3) आसंजक बल के कारण (4) उत्तराखंड (5) इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और ट्रेंड नर्सेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -252

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 251 का हल

दि	क्क	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:56, सूर्यास्त : 05:30, चन्द्रोदय : 14:39, चन्द्रास्त : 27:23, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ॠतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : कार्तिक, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : रेवती, योग : सिद्धि, प्रथम करण : वणिज (10:02 तक), द्वितीय करण : विष्टि (21:01 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:42 से 12:24, अमृत काल : 12:44 से 14:15, सर्वार्थसिद्धि योग : 17:16 से 30:49, रवियोग : 06:48 से 17:16, विजय मुहूर्त : 13:48 से 14:30, गोधूलि मुहूर्त : 17:15 से 17:42, सायाह्न सन्ध्या : 17:18 से 18:39, निशिता मुहूर्त : 23:36 से 24:30, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 06:48 से 08:07, दुर्मुहूर्त : 10:18 से 11:00, होमाहुति : शनि, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : आकाश, भद्रावास : मृत्यु (10:02 से 21:01), चन्द्रवास : उत्तर, शिववास : क्रीड़ा में (21:01 से कैलाश पर)

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (दही का सेवन कर यात्रा करें),आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, नाम रेवती नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय ,तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (दे, दो, चा, ची) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज भी दिन का अधिकांश समय प्रतिकूल ही रहेगा। नौकरी पेशा जातको को भी कार्य क्षेत्र पर नीचा देखना पड़ेगा।
वृष: आपका आज का दिन आर्थिक रूप से उतना लाभदायी नही रहेगा जितना व्यावहारिक में वृद्धि कराएगा।
मिथुन: आज के दिन कार्यो में सफलता की संभावना अधिक रहेगी महत्वपूर्ण कार्य संध्या से पहले करने का प्रयास करें इसके बाद कार्य विलंब से पूर्ण होंगे।
कर्क: आज के दिन आपके लिए सुख शांति वाला रहेगा। कार्य क्षेत्र और परिवार के बीच तालमेल बैठाने में थोड़ी असुविधा होगी फिर भी दिन आनंद दायक रहेगा।
सिंह: आज के दिन आप किसी के कहे में ना आये भ्रामक बातो पर जल्द विश्वास करने से हानि हो सकती है। व्यवहार शून्यता भी आज संबंधों में कड़वाहट बनाएगी।
कन्या: आज के दिन आपके घरेलू सुखों में वृद्धि होगी। व्यापार नौकरी से भी आशाजनक लाभ की प्राप्ति कर सकेंगे।
तुला: आज के दिन आप जो भी कार्य करेंगे उसका फल निकट भविष्य में शीघ्र ही देखने को मिलेगा।
वृश्चिक: आज का दिन भी सामान्य से अच्छा रहेगा। दिनचार्य थोड़ी अस्त-व्यस्त रहेगी फिर भी आवश्यकताओं की पूर्ति ले देकर हो ही जाएगी।
धनु: आज का दिन स्त्री वर्ग से सावधानी से बिताएं। घर मे अथवा किसी अन्य महिला के कारण कलह क्लेश हो सकता है।
मकर: आज का दिन आलस्य के चलते आवश्यक कार्यो में विलंब होगा। नौकरी पेशा जातक आज जल्दबाजी में कार्य करेंगे जिससे कुछ ना कुछ त्रुटि अवश्य रह जायेगी।
कुंभ: आज आप अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नही रख सकेंगे मन की बात हर किसी को बताने से बाद में परेशानी हो सकती है।
मीन: आज के दिन भावनाओ में बह कर आप स्वयं ही अपना नुकसान कर लेंगे मनोरंजन की ओर ध्यान ज्यादा रहने से जरूरी कार्य बिगड़ सकते है।

न्यूज गैलरी

साली से छेडखानी, जीजा गिरफ्तार

बिलासपुर। पीडिता द्वारा थाना तोरवा में उसके जीजा संजीव कुमार यादव उर्फ बबला पिता जीवन लाल यादव उम्र 45 साल साकिन पुराना बस्ती तोरवा द्वारा छेड़खानी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह(मापुसे), अति0 पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पूजा कुमार को अवगत कराया गया जिनके द्वारा तत्काल आरोपी की धरपकड करने के निर्देश प्राप्त हुये, जिसके परिपालन में थाना प्रभारी तोरवा कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में टीम तैयार कर आरोपी की लगातार पता तलाश महज 05 घंटो के भीतर आरोपी संजीव कुमार यादव को पकडा गया, जिससे पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से विधिवत् गिरफतार किया गया है। जिसे न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर, सउनि मनोरमा तिवारी, आरक्षक यशपाल टंडन, उदय पाटले का विशेष योगदान रहा।

बच्ची के रोने से पति की खुली नींद, नाराज पति ने पत्नी को पीटा

बिलासपुर। बच्ची के रोने से नींद खुलने से नाराज बौखलाए पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। उसने पत्नी पर बच्ची को चुप न करवाने का आरोप लगा अश्लील गालियां देते हुए मोहल्ले में दौड़ा दौड़ा कर पीटा। पति की मार से क्षुब्ध होकर पत्नी ने पुलिस में पति के खिलाफ अपराध दर्ज करवाया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के डीपी कॉलेज के पीछे धोबी चाल शीतला मंदिर के पास रहने वाली 28 वर्षीय आरती चौधरी गृहणी हैं। उनका विवाह विकास उर्फ चंदू रजक के साथ हुआ है। 21 नवंबर को उनके पति विकास उर्फ चंदू रजक सुबह पौने ग्यारह बजे घर पर सो रहें थे। इस दौरान बच्ची के रोने से विकास की नींद खुल गई और उसने नींद खराब होने से आक्रोशित होकर पत्नी पर बच्ची को चुप नहीं करवा रही हो,बोलकर अश्लील गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पत्नी अपने पति की मार से बचने के लिए घर से बाहर गली की तरफ भागी। तब फिर घर के बाहर आकर फिर से विकास चौधरी ने अपनी पत्नी आरती चौधरी को अश्लील गालियां दी और हाथ-मुक्के से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पति की मार से आरती चौधरी के मुंह और नाक में चोट आई और खून बहने लगा। उन्होंने सिटी कोतवाली थाने में पति के खिलाफ मारपीट, अश्लील गालियां देने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज करवाया है। वही खास बात यह है कि आरती चौधरी का 20 नवंबर को जन्मदिन था। जन्मदिन के अगले ही दिन पति की इस हरकत से पत्नी बहुत दुखी है।

एनटीपीसी की लोक सुनवाई 11 दिसंबर को

बिलासपुर। मस्तूरी ब्लॉक के सीपत में स्थापित मेसर्स एनटीपीसी लिमिटेड में प्रस्तावित सीपत अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी डेमोन्स्ट्रेशन प्रोजेक्ट को पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 11 दिसम्बर 2023 को लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है। ये लोक सुनवाई उक्त तिथि को शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय, सीपत के खेल मैदान में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। कम्पनी ने अपनी वर्तमान उद्योग की विभिन्न ईकाईयों के विस्तार के लिए पर्यावरण संरक्षण मण्डल, रायपुर में आवेदन किया है। स्वीकृति के पूर्व आम जनता का अभिमत जानने के लिए उक्त तिथि को ग्राम सीपत में जिला प्रशासन द्वारा लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है।

भेड़ चुराकर कार से ले जाते पकड़े गए

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसयूवी कार से पशु चोरी करने वाले दो आरोपियों को हिर्री थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 30 अक्टूबर को प्रार्थी दिलीप कुमार पाल पिता अर्जुन पाल (31) पेंड्रीडीह निवासी ने हिर्री थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने बताया था कि किसी अज्ञात चोर ने उसके घर का दरवाजा खोलकर घर में बंधे 15 भेड़ों को चुराकर ले गया। हिर्री पुलिस अज्ञात चोर पर एफआईआर दर्ज कर जांच करते हुए लगातार पतासाजी कर रही थी। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चिल्हाटी के मटन दुकान वाले भेड़ चोरी कर लाए थे। सूचना पर करवाई करते हुए हिर्री पुलिस ने साबीर खान चिल्हाटी मोपका एवं मनीष पटेल तालापारा को तलब कर पूछताछ की । पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मनीष पटेल की कार से ग्राम पेण्ड्रीडीह से भेड़ चोरी कर मटन दुकान में बेचने की बात स्वीकार की। हिर्री पुलिस द्वारा आरोपी मनीष पटेल पिता गेंदराम पटेल (23) मरारगली तालापारा निवासी और आरोपी साबीर खान पिता मकसूद खान (21) चिल्हाटी निवासी के कब्जे से भेड़ की बिक्री रकम 10 हजार रुपए और घटना के लिए इस्तेमाल किए गए एसयूवी कार को जब्त कर लिया गया है। हिर्री पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है।

जंगल में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। रतनपुर थाना क्षेत्र के खूंटाघाट में युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई।रतनपुर पुलिस को खूंटाघाट डैम से लगे जंगल में अज्ञात युवक की लाश झाड़ियों के बीच पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई। हालांकि अब तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। रतनपुर थाना प्रभारी देवेश राठौर ने बताया कि अज्ञात युवक की लाश पर किसी भी तरह के निशान नहीं मिले हैं, वहीं उसकी जेब से भी किसी तरह का पहचान पत्र भी नहीं मिला है।

ट्रेनों की बिगड़ी चाल का नए साल में भी दिखेगा असर

जनवरी और फरवरी माह में 29 ट्रेनें रहेंगी रद्द

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों की बिगड़ी चाल का सिलसिला नए साल में भी जारी रहेगा। रेलवे प्रशासन ने अधोसंरचना विकास का हवाला देते हुए उत्तर मध्य रेलवे के आगरा रेल मंडल के पलवल मथुरा सेक्शन में मथुरा यार्ड का आधुनिकीरण का कार्य कि लिए 29 ट्रेनों को जनवरी-फरवरी के माह की तिथियों में 29 ट्रेनों को रद्द कर दिया है।

27 दिसम्बर, 2023 एवं 1 जनवरी, 2024 तक नियंत्रित होने वाली गाडियां

27 दिसम्बर, 2023 एवं 1 जनवरी, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली 12807 विशाखापटनम–निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस को बाद रेलवे स्टेशन में 50 मिनिट नियंत्रित होगी। 29 दिसम्बर, एवं 02 जनवरी, को योग नगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योग नगरी ऋषिकेश–पूरी उत्कल एक्सप्रेस को अझई रेलवे स्टेशन में 55 मिनिट नियंत्रित होगी। 19 से 22 एवं 24, 25, 28 जनवरी, को योग नगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योग नगरी ऋषिकेश–पूरी उत्कल एक्सप्रेस को अझई रेलवे स्टेशन में 60 मिनिट नियंत्रित होगी। 23, 26 एवं 27 जनवरी, को योग नगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योग नगरी ऋषिकेश–पूरी उत्कल एक्सप्रेस को अझई रेलवे स्टेशन में 115 मिनिट नियंत्रित होगी। 29 नवम्बर से 06, 21 दिसम्बर, 2023 को फ़िरोज़पुर से चलने वाली 14624 फ़िरोज़पुर– सिवनी एक्सप्रेस को अझई रेलवे स्टेशन में 25 मिनिट नियंत्रित होगी।

26 नवम्बर,1 जनवरी तक परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां

26, 27 नवम्बर, 28 दिसम्बर, 2023, 1 जनवरी,2024 को सिवनी से चलने वाली 14623 सिवनी–फ़िरोज़पुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगरा मिटावल गाजियाबाद नई दिल्ली होकर रवाना होगी। 27, 28 नवम्बर, 29 दिसम्बर, 2 जनवरी, को फ़िरोज़पुर से चलने वाली 14624 फ़िरोज़पुर–सिवनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नई दिल्ली– गाजियाबाद–मिटावल–आगरा होकर रवाना होगी। 25, 26 नवम्बर, 27 जनवरी एवं 03 फरवरी, को पूरी से चलने वाली 18477 पूरी योग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगरा मिटावल खुर्जा मेरठ सिटी होकर रवाना होगी । 27, 28 नवम्बर, 29 जनवरी एवं 05 फरवरी को योग नगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योग नगरी ऋषिकेश–पूरी उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मेरठ सिटी–खुर्जा–मिटावल–आगरा होकर रवाना होगी। दिसम्बर, को दुर्ग से चलने वाली 20847 दुर्ग–शहीद कैप्टन तुषार महाजन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगरा मिटावल गाजियाबाद नई दिल्ली होकर रवाना होगी। 28 दिसम्बर, को शहीद कैप्टन तुषार महाजन से चलने वाली 20848 शहीद कैप्टन तुषार महाजन–दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नई दिल्ली–गाजियाबाद–मिटावल–आगरा होकर रवाना होगी ।

रद्द होने वाली गाडियां- 11, 18 एवं 25 जनवरी, 2024 को अम्बिकापुर से चलने वाली 04043 अम्बिकापुर–निज़ामुद्दीन स्पेशल रद्द रहेगी। 9, 16, 23 एवं 30 जनवरी, 2024 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 04043 निज़ामुद्दीन–अम्बिकापुर स्पेशल रद्द रहेगी। 23 एवं 30 जनवरी, 2024 को दुर्ग से चलने वाली 12549 दुर्ग–शहीद कैप्टन तुषार महाजन एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 25 जनवरी, एवं 01 फरवरी, 2024 को शहीद कैप्टन तुषार महाजन से चलने वाली 12550 शहीद कैप्टन तुषार महाजन–दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 9, 10, 11, 30 एवं 31 जनवरी, 1, 3, 4 फरवरी को विशाखापटनम से चलने वाली 12807 विशाखापटनम–निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी 29 एवं 30 जनवरी, 1, 6 फरवरी को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12808 निज़ामुद्दीन–विशाखापटनम एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 11 जनवरी से 05 फरवरी तक सिवनी से चलने वाली 14623 सिवनी–फिरोजपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 12 जनवरी से 06 फरवरी, तक फिरोजपुर से चलने वाली 14624 फिरोजपुर–सिवनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 21 जनवरी से 04 फरवरी, 2024 तक कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा–अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 23 जनवरी से 6 फरवरी तक अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर–कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 19, 20, 23, 26, 27, 30 जनवरी, 02, 03 फरवरी को विशाखापटनम से चलने वाली 20807 विशाखापटनम–अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

हाईकोर्ट का निर्देश : पुलिस भर्ती परीक्षा मामले में निर्वाचन आयोग जल्द निर्णय ले और जानकारी भी दें

अगली सुनवाई के लिए हाई कोर्ट ने एक सप्ताह का समय तय किया

बिलासपुर। पुलिस भर्ती परीक्षा की एक अन्य अभ्यर्थी पुष्पा सिदार की याचिका सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर अंतिम चयन सूची जारी करने के संबंध में राज्य शासन को दी जाने वाली सहमति पर जल्द निर्णय लें। साथ ही कोर्ट को भी इससे अवगत कराने कहा है। अगली सुनवाई के लिए हाई कोर्ट ने एक सप्ताह का समय तय किया है।

पुष्पा सिदार ने अपने अधिवक्ता सिद्धार्थ दुबे के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि बीते सप्ताह हाई कोर्ट ने राज्य शासन को निर्वाचन आयोग से अंतिम चयन सूची जारी करने के संबंध में सहमति लेने की बात कही थी। हाई कोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर पुलिस भर्ती के लिए अंतिम चयन सूची जारी करने सहमति मांगी थी। राज्य शासन के पत्र को राज्य निर्वाचन आयोग ने भारत निर्वाचन आयोग के हवाले करते हुए मार्गदर्शन मांगा है। गुरुवार को याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग ने भारत निर्वाचन आयोग से मार्गदर्शन मांगने की जानकारी दी।

गृह विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार ने सूबेदार, प्लाटून कमांडर, सब-इंस्पेक्टर (फिंगर प्रिंट), सब-इंस्पेक्टर (प्रश्नांकित दस्तावेज़), सब-इंस्पेक्टर (कंप्यूटर) और सब-इंस्पेक्टर (रेडियो) के अधिसूचना जारी की है। 655 पदों पर भर्ती के लिए अगस्त 2018 मे विज्ञापन जारी किया था। वर्ष 2021 में पदों में बढ़ोतरी करते हुए इसे 975 कर दिया गया। तीन स्तर पर भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई। 17 अगस्त से आठ सितंबर तक विभाग ने साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद आजतलक अंतिम चयन सूची जारी नहीं की गई है। उम्मीदवारों के शारीरिक मापदंड परीक्षा पुलिस ने ली थी। इसके बाद 70 हजार अभ्यर्थियों की सूची लिखित परीक्षा लेने के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल के हवाले कर दिया था। प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के लिए मुख्य परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था। साक्षात्कार की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। अब अंतिम सूची जारी करना शेष है। पूरा मामला यहीं पर आकर अटक जाता है।

प्लाटून कमांडर के पद को लेकर आपत्ति- साक्षात्कार की प्रक्रिया के बीच एक दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर प्लाटून कमांडर के पद पर महिलाओं को शामिल करने पर आपत्ति दर्ज कराई और इस पर रोक की मांग की थी। याचिका में इस बात की आपत्ति की गई थी कि प्लाटून कमांडर के पद पर भर्ती के लिए महिलाओं को भी शारीरिक परीक्षा में चयन कर लिया है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया था। हाई कोर्ट से राहत ना मिलने पर याचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

रविन्द्र सिंह ने किया मितानिनों का सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह जी द्वारा मितानिन दिवस पर मितानिनो का सम्मान आज श्रीफल व साल भेट कर किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह जी ने कहा कि मितानिन का केवल एक दिन सम्मान न कर हम सभी को हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए। क्यो कि करोना कार्यकाल मे जो सेवा मितानिनो ने किया है। उनकी जितनी प्रशंसा कि जाये कम है। मितानिनो द्वारा लगातार सरकार की योजनाओ को फलीभूत करने जी तोङ मेहनत किया जा रहा है। बच्चो का मानसिक व शारीरिक विकास के साथ ही गर्भवती महिलाओ का सेवा रोगीयो का सेवा व जनजागरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। जिसको लिये मितानिन बधाई के पात्र है। सम्मान कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से सविता दुबे मितानिन प्रशिक्षक संजु बेगम ए सी शिल्पा पाण्डेय मितानिन प्रशिक्षक प्रभा चौहान कल्पना नाईक ज्योति थुल आदि मितानीनो का सम्मान कर मुँह मिठा कराया गया।

दपूमरे ने लेखापरीक्षा जागरूकता सेमिनार का किया आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के सभी कार्यालयों में भारत के प्रथम महालेखा परीक्षक के 16 नवम्बर 1860 को पदभार ग्रहण करने के अवसर पर दिनांक 16 नवम्बर को तृतीय लेखापरीक्षा दिवस का आयोजन किया गया तथा दिनांक 20 नवंबर से 24 नवंबर तक लेखापरीक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। लेखापरीक्षा सप्ताह के दौरान लेखापरीक्षा से संबन्धित विभिन्न क्रिया-कलापों का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में 22 नवंबर को कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा मुख्यालय स्थित सभागार में लेखापरीक्षा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों सहित मुख्यालय एवं बिलासपुर रेल मण्डल अधिकारीगण उपस्थित थे। सेमिनार की अध्यक्षता दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू के द्वारा किया गया। सेमिनार के दौरान सर्वप्रथम उपस्थित सभी अधिकारियों को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पदस्थ भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के निदेशक मुकेश कुमार ब्रम्हने द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के इतिहास एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। सेमिनार में अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, प्रधान वित्त सलाहकार मुरली धर मधुर सहित अन्य अधिकारियों ने केंद्रीय संगठनों में लेखापरीखा की आवश्यकता एवं भूमिका पर अपने विचार रखे।

तारबाहर फुट ओवरब्रिज निर्माण का कार्य अंतिम चरण में

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास नवाचार, नेटवर्क क्षमता में विस्तार तथा अधोसंरचना विकास हेतू अनेकों कार्य किए जा रहे है जिससे यात्री सुविधाओं के साथ-साथ रेल परिचालन और भी संरक्षित एवं निर्बाध गति से परिचालित किया जा सकेगा।

इसी क्रम में समपार फाटकों के बंद होने से जाम की स्थिति से राहगीरों को राहत दिलाने तथा उनकी बेहतर सुरक्षित एवं संरक्षित आवागमन सुविधा सुनिश्चित करने हेतु समपार फाटकों में सीमित ऊंचाई सबवे निर्माण का कार्य लगातार जारी है। साथ ही स्टेशनों को शहर के दोनों छोर को जोड़ते हुये राहगीरों के बेहतर आवागमन सुविधा हेतु फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी कराये जा रहे हैं। इसी कड़ी में बिलासपुर स्टेशन यार्ड में स्थित तारबहार अंडरब्रिज का विस्तार बाई पास लाइन के दूसरे छोर तक किया जा रहा है। सिरगिट्टी तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों की बेहतर सुगम सड़क यातायात सुनिश्चित करने हेतु इस कार्य को तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है।

दूसरे चरण में रोड कनेक्टिविटी का कार्य तीव्रगति से

अंडरब्रिज निर्माण कार्य के मुख्य घटक पूर्व ढलित सभी कंक्रीट बॉक्सों को स्थापित भी किया जा चुका है। अंडरब्रिज निर्माण कार्य के दूसरे चरण में रोड कनेक्टिविटी का कार्य तीव्रगति से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत लगभग 50 मीटर रोड बनाने का कार्य पूरा कर लिया गया है, बाकी सड़क निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। इसी कड़ी में बिलासपुर स्टेशन के नागपुर छोर में थ्रु फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। इस फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है। आखिरी गर्डर लांचिंग की तकनीकी दिक्कतों का समाधान किया जा चुका है। इसके लांचिंग हेतु योजना बना ली गई है तथा इसके अतिरिक्त इसके सभी पहलुओं की तैयारी पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया है। इन दोनों के निर्माण कार्य पूरा होते ही शहर के लोगों को स्टेशन के दोनों छोर में सुगम व सुरक्षित यातायात की सुविधा सुनिश्चित होगी। बिलासपुर मंडल अपने यात्रियों की सुविधा एवं स्टेशन में बेहतर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। ज्ञात हो की 435 करोड़ की लागत से बिलासपुर स्टेशन के पुनर्निर्माण का कार्य भी किया जाएगा। जिसके शुरुआत करने की तैयारी की जा रही है। आखिरी गर्डर लांचिंग की तकनीकी दिक्कतों का समाधान किया जा चुका है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

भाजपा ने झीरम जांच में ...

क्यों नहीं करवाई?

केंद्र की रिपोर्ट 2 साल तक दबा कर क्यों रखा- सीएम भूपेश

भारत सरकार से जो आदेश है उसे 2 साल तक दबाकर क्यों रखा था? रमन सिंह सारी घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। उसके बाद कह रहे हैं झीरम मामले की जांच करवाएंगे। अब छत्तीसगढ़ की पुलिस जांच करेगी। वह बोले ना बोले उसे क्या फर्क पड़ता है। स्ढ्ढञ्ज का गठन हो गया है वह जांच करेगी।

समलैंगिक विवाहः सुप्रीम कोर्ट ...

विचार किया जाता है।

याचिकाकर्ताओं में से एक उदित सूद ने समलैंगिक जोड़ों के विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने वाले पांच सदस्यीय संविधान पीठ के 17 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा की मांग की है। उन्होंने फैसले को त्रुटीपूर्ण, स्व-विरोधाभासी और स्पष्ट रूप से अन्यायपूर्ण करार दिया है।

सुको की पहली महिला ...

रूप में नियुक्त किया गया था। उन्हें 1968 में सब-ऑर्डिनेट जज के रूप में, 1972 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में और 1974 में जिला और सत्र न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। 4 अगस्त, 1983 को उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने से पहले बीवी को जनवरी 1980 में आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण का न्यायिक सदस्य नियुक्त किया गया था। बीवी 14 मई, 1984 को उच्च न्यायालय की स्थायी न्यायाधीश बनीं। वह 29 अप्रैल, 1989 को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त हुईं, लेकिन 6 अक्टूबर, 1989 को न्यायाधीश के रूप में उन्हें सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया, जहां वह 29 अप्रैल 1992 को सेवानिवृत्त हुईं। बीवी बाद में 25 जनवरी, 1997 को तमिलनाडु की राज्यपाल बनीं और उन्होंने 2001 में केंद्र सरकार के एक फैसले के बाद राष्ट्रपति से उन्हें वापस बुलाने की सिफारिश करने के बाद पद छोड़ दिया।

राजौरी में लश्कर के टॉप ...

और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। इस दौरान सेना के 2 कैप्टन समेत चार जवान शहीद हो गए थे। जबकि, एक सैन्यकर्मी आज शहीद हुए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक कल सुबह 9 बजे सेना को आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। एनकाउंटर में सेना के 2 कैप्टन और दो जवान शहीद हो गए थे।

अचानक शुरू कर दी थी फायरिंग

पुलिस ने बताया था कि घटनास्थल पर 2 आतंकवादी फंसे हुए थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान धर्मसाल के बाजीमल इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में दो अधिकारी और दो जवान शहीद हो गए। सर्च ऑपरेशन में सेना के राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों के साथ पैराट्रूपर्स भी शामिल हुए थे। लेकिन आतंकी घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही सेना उन आतंकियों के नजदीक पहुंची, वैसे ही आतंकियों की ओर से सेना पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई।

पनौती, जेबकतरा बोलने ...

नौ साल में नरेंद्र मोदी जी ने 14,00,000 करोड़ रुपया हिंदुस्तान के सबसे बड़े अरबपतियों का कर्जा माफ किया है।

बीजेपी ने बीते दिन राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवाई थी। बीजेपी महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और एक अन्य पदाधिकारी ओम पाठक सहित पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ भी निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग की थी और उन पर यह झूठा दावा करने का आरोप लगाया कि मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उनकी जाति गुजरात की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल थी। बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग को सौंपे गए अपने ज्ञापन में कहा था कि झूठ का जाल फैलाने में लिप्त खरगे और गांधी की टिप्पणियां इन अपराधियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने और सख्त कार्रवाई की मांग करती हैं क्योंकि उनके आचरण में नैतिक मूल्यों के साथ-साथ चुनाव कानूनों और आदर्श आचार संहिता के दिशानिर्देशों के लिए भी कोई सम्मान नहीं है।

बीजेपी महासचिव अग्रवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर भी तीखा हमला बोला था और उन्हें घाटिया मानसिकता का 'मूर्ख, अशिक्षित और मूल्यहीन' व्यक्ति करार दिया, जो 'वैश्विक रूप से सम्मानित' नेता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। पार्टी ने ज्ञापन में कहा, ''हम निर्वाचन आयोग से अनुरोध करते हैं कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के खिलाफ उनके लगातार धोखाधड़ी, आधारहीन और अपमानजनक आचरण के लिए उचित कानूनी कार्रवाई करके तत्काल हस्तक्षेप किया जाए और उनके खिलाफ निषेधात्मक आदेश पारित किया जाए।'' ज्ञापन में कहा गया है, ''अन्यथा, यह चुनावी माहौल को खराब कर देगा और इससे सम्मानित व्यक्तियों को बदनाम करने के लिए अपशब्दों, आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल और झूठी खबरों को रोकना मुश्किल हो जाएगा।'' राहुल गांधी ने अहमदाबाद में विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद राजस्थान में एक चुनावी भाषण में मोदी के खिलाफ 'पनौती' शब्द का इस्तेमाल किया था।

मतगणना कार्य में लगेंगे 500 अधिकारी-कर्मचारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के लिए 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना कार्य में ड्यूटी के लिए रैण्डमाईजेशन के जरिए अधिकारी-कर्मचारियों का चयन किया गया। एनआईसी कार्यालय में कलेक्टर अवनीश शरण व रिटर्निंग अफसरों की मौजूदगी में प्रथम रैण्डमाईजेशन के तहत यह काम पूरा किया गया। रिजर्व टीम मिलाकर 143 मतगणना दलों के लिए लगभग 500 कर्मचारी मतगणना कार्य को अंजाम देंगे।

प्रथम रैण्डमाइजेशन के अंतर्गत मतगणना करने वाले कर्मचारियों के नाम का केवल चयन हुआ है। उन्हें किन विधानसभा क्षेत्रों में और किस टेबल में ड्यूटी निभानी है, इसकी जानकारी अभी किसी को नहीं है। मतगणना तिथि के एक दिन पूर्व उन्हें विधानसभा क्षेत्र और मतगणना के दिन 3 दिसम्बर को ही सुबह टेबल की जानकारी दी जाएगी। ये दोनों प्रक्रियाएं ऑबजर्वर की मौजूदगी में रेण्डमाइजेशन के जरिए आवंटित किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा के इव्हीएम मतों की गणना के लिए कक्ष में 14-14 टेबल लगाए जा रहे हैं। पोस्टल बैलेट्स व इटीपीबी मतों की गणना अलग टेबलों में की जाएगी। मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मियों की 25 नवम्बर को मल्टीपर्पज स्कूल में सुबह 11 बजे से प्रशिक्षण आयोजित की गई है।

न्यूज गैलरी

फैक्ट्री प्रबंधक सहित दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। फैक्ट्री में काम करने के दौरान घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जिसमें धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक एवं शिफ्ट इंचार्ज के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कुमार पोर्ते 53 वर्ष इतवारी बाजार बीरगांव का रहने वाला था। वह सिलतरा के सोंडरा स्थित मारूति फेरस प्राइवेट लिमिटेड में काम करता था। काम करने के दौरान मशीन में दबने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिससे उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक अरूण कुमार एवं शिफ्ट इंचार्ज राजू सिंह के खिलाफ धारा 287, 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। अशोक नगर गुढ़ियारी में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष गायकवाड़ 29 वर्ष अशोक नगर गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केटी 6661 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। नेवरा पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 25 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि कृषि उपज मंडी के पास एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी बलराम वर्मा 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 25 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चाकू लेकर आतंक फैलाते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। खमतराई पुलिस ने चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस को बीती रात सूचना मिली कि भनपुरी तिराहा के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी वेदप्रकाश वैष्णव 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

ऑटो में गांजा बेचते अधेड़ गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरला पुलिस ने ऑटो में रखकर गांजा बेचते एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस



ने आरोपी के पास से 3 किलो गांजा व बिक्री रकम 5 हजार रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि सरोरा स्थित मिश्रा ढाबा के पास एक ऑटो में व्यक्ति गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने ऑटो रिक्सा क्रमांक सीजी 04 टी 4309 में सवार आरोपी नान्हु तांडी 50 वर्ष को हिरासत में लेकर ऑटो की तलाशी लिए तो प्लास्टिक झोला में 3 किलो गांजा व बिक्री रकम 5 हजार रुपए मिला। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2023 में प्रगति मैदान में यह शाम छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और संस्कृति से भरी शाम थी। छत्तीसगढ़ दिवस समारोह के अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने यहां एम्फीथिएटर में अपनी प्रस्तुतियों से सैकड़ों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।समारोह में छत्तीसगढ़ रेजिडेंट कमिश्नर श्रुति सिंह मुख्य अतिथि थीं और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ने छत्तीसगढ़ मंडप का दौरा किया और शिल्पकारों और कारीगरों से बातचीत की। छत्तीसगढ़ पैवेलियन नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के 42वें संस्करण में हथकरघा और हस्तशिल्प सहित अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहा है। इस वर्ष की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम' को

दर्शाते हुए 300 वर्ग फुट के क्षेत्र में प्रदर्शन के लिए कुल 10 स्टॉल लगाए गए हैं।मंडप राज्य की प्रगति को प्रदर्शित कर रहा है । यहाँ प्रत्येक क्षेत्र की विशेषता के अनुसार उनके औद्योगिक, कृषि, हर्बल और हस्तशिल्प उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।

इस वर्ष छत्तीसगढ़ पवेलियन का आयोजन प्रगति मैदान के हॉल नंबर 2, प्रथम तल पर किया गया है। आज प्रगति मैदान के एम्फीथिएटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक दलों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। दर्शकों ने बस्तर की कुल देवी की आराधना हेतु नृत्य आमचो बस्तर की प्रस्तुति को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा।ददरिया गीत भी प्रस्तुत किया गया। भोजली नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे दर्शकों पर जादू कर दिया। समूह द्वारा हरेली त्यौहार के अवसर पर विशेष रूप से किये जाने वाले 'गौर नृत्य' एवं 'गेड़ी नृत्य' का प्रदर्शन किया गया। महिला कलाकारों के समूह ने विशेष रूप से दिवाली उत्सव के दौरान किया जाने वाला लोक नृत्य 'सुआ नाचा' या तोता नृत्य दिखाया।

यह पूजा से संबंधित नृत्य का एक प्रतीकात्मक रूप है। नर्तक एक तोते को बांस के बर्तन में रखते हैं और उसके चारों ओर एक घेरा बनाते हैं। फिर कलाकार ताली बजाते हुए उसके चारों ओर घूमते हुए गाते और नृत्य करते हैं। यह छत्तीसगढ़ की आदिवासी महिलाओं के प्रमुख नृत्य रूपों में से एक है। पुरुष कलाकारों के समूह ने सतनामी समाज के सबसे लोकप्रिय अनुष्ठानों में से एक लोक नृत्य 'पंथी' नृत्य दिखाया। समूह के नेता के नेतृत्व में एक गीत की संगत में धीमी गति के साथ नृत्य शुरू हुआ। धीरे-धीरे गति बढ़ती गई और एक मनमोहक वातावरण बन गया। जिसे वहाँ उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा।

पुन्नी मेला : महादेवघाट की सफाई के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी ने कार्तिक पूर्णिमा (पुन्नी मेला) दिनांक 27 नवंबर सोमवार को महादेवघाट में रायपुर सहित आसपास के गाँवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने एवं श्रद्धालुओं द्वारा स्नान एवं पूजा - अर्चना सहित मेला स्थल का भ्रमण करने को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम के उपायुक्त स्वास्थ्य श्री ए. के. हालदार , जोन क्रमांक 8 के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियन्ता जल नर सिंग फरेन्द्र,कार्यपालन अभियन्ता विद्युत कमलेश वर्मा को खारून नदी महादेवघाट में घाटों एवं पचरियों की विशेष सफाई , आवश्यकता के अनुसार पेयजल टैंकरों की व्यवस्था,पूरे परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, आवारा मवेशियों की धरपकड़, मच्छरमार दवाईयों के छिड़काव, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, कपड़े बदलने

हेतु अस्थाई कक्षध् शेड की व्यवस्था, अग्निशमन वाहनों की कमांडेंट होम गॉर्ड से समन्वय कर व्यवस्था, मेला स्थल पर प्राथमिक उपचार हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समन्वय कर चिकित्सा दल की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के सन्दर्भ में प्रभावशील आदर्श निर्वाचन आचार संहिता, माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन. जी. टी.) सहित कोविड 19 के दिशा - निर्देशों का पूर्ण पालन करवाते हुए सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। आयुक्त ने कार्तिक पूर्णिमा (पुन्नी मेला) की सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था हेतु रायपुर नगर पालिक निगम के अपर आयुक्त शैलेन्द्र पाटले को नोडल अधिकारी बनाया है।

सीटेट की तिथि में बदलाव, अब जनवरी माह में होगी परीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से होने वाली केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। दिसंबर में होने वाली परीक्षा अब जनवरी माह में आयोजित की जाएगी। बताया जा रहा है कि यह परीक्षा 21 जनवरी को होगी।

पेन और पेपर मोड पर होने वाला ये एग्जाम इस बार केवल 135 शहरों में ही होगा। प्रदेश में सीटेट के लिए रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगें। सीटेट के लिए एग्जाम आवेदन 23 नवंबर तक भरे जाएंगे। पेन और पेपर मोड पर अब एक ही दिन में यह परीक्षा होगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस का प्रचार करने राजस्थान के दौरे पर

रायपुर/नवप्रदेश। राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी राजस्थान रवाना हो गए हैं। वे आज उदयपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। ज्ञात हो कि राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर इस समय राजनीतिक पारा हाई लेवल पर चल रहा है।

भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी चुनाव जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राजस्थान की विधानसभा में कुल 199 सीट है जहां 25 नवंबर को मतदान होना है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी आज राजस्थान के उदयपुर में दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे आम सभा को संबोधित भी करेंगे। जानकारी के अनुसार, सीएम भूपेश आज सुबह 11 बजे राजस्थान के लिए रवाना होंगे, जिसके बाद उदयपुर में रोड शो करेंगे। इसके अलावा नाथद्वार के कांग्रेस प्रत्याशी सीपी जोशी के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे, जिसके बाद कल शाम 6.30 बजे रायपुर लौटेंगे।

26वीं निशान यात्रा ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई

रायपुर/नवप्रदेश। खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर श्री श्याम मासिक एकादशी निशान यात्रा गुढ़ियारी द्वारा 26वीं निशान यात्रा रजत उत्सव के साथ निशान यात्रा ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई। श्याम भक्त हाथों में ध्वजाएं और महिलाएं केसरिया परिधान में पुरुष राजस्थानी वेशभूषा में श्याम भजन गाते हुए मस्ती में झूमते चल रहे थें । इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। निशान यात्रा में खाटू श्याम के जयकारों से नगर का माहौल श्याममय हो गया। यात्रा प्रारंभ स्थल प्राचीन गुढ़ियारी हनुमान मंदिर पर बाबा श्याम का लकी खजाना श्याम भक्तों को प्राप्त हुआ तथा आतिशबाजी की गई, श्याम भजन गायक सचिन खंडेलवाल द्वारा भक्तों को श्याम भजन अमृत भजनों से आनंदित किया गया जिसमें भक्तों ने

श्याम भजन व पूजन भक्ति में लीन हो गए। बाबा श्याम को इत्र से स्नान करवाकर गुलाब, चंपा, चमेली सहित अनेक प्रकार के फूलों के बने गजरों से छत्तीसगढ़ में प्रथम बार खाटू श्याम की तर्ज पर पालकी सजाई गई जिस पर खाटू के राजा खाटू श्याम को विराजमान कर छप्पन भोग फल भोग इत्र वर्षा पुष्प वर्षा कर नगर भ्रमण कराया गया। मेवा-मिश्री मिठाई और केक काटकर बाबा श्याम का जन्मोत्सव मनाया गया। यात्रा आरंभ करने के पूर्व श्याम भक्तों ने मिलकर आरती व पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर शहर के कई गणमान्य श्याम प्रेमी महिला पुरुष बच्चे आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को पूर्ण रूप देने के हेतु श्याम दीवानी प्रीति अभिषेक अग्रवाल मोहन अग्रवाल पल्लव अग्रवाल सुमित अग्रवाल अमित लाहोटी रामनारायण अग्रवाल महेश अग्रवाल मिलन अग्रवाल नितेश शैंकी अभिषेक अग्रवाल निरंतर अग्रसर रहे।

सांसद सरोज ने लखन को दी ई-ट्राईसाईकिल

दुर्ग/नवप्रदेश। बोरसी वार्ड निवासी लखन साहू पिता चिंताराम साहू अब अपने काम पर ई--ट्राईसाईकिल से आयेगा । इसके पूर्व वह पैडल ट्राईसाइकिल से अपने काम पर राजेंद्र पार्क पहुंचता था । वह अब सुविधा व आरामदायक स्थिति में ई--ट्राईसाईकिल से अपने काम पर समय से पहुंच सकेगा।

राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. सुश्री सरोज पांडेय ने आज लखन साहू को जल परिसर में बुलाकर बैटरी वाली ई-ट्राईसाईकिल देकर उसका सम्मान कर उसका हौसला बढ़ाया है। लेख्य है कि बोरसी निवासी लखन साहू को राज्यसभा सांसद डा. सुश्री

सरोज पांडेय लखन साहू को व्यक्तिगत रूप से जानती और पहचानती है । लखन साहू नगर पालिका निगम दुर्ग में भृत्य के पद पर काम करता है । जो शुरू से राजेंद्र पार्क गार्डन व अन्य गार्डन में माली का काम

दो मासूमों की तालाब में डूबने से मौत

कोरबा/रायपुर/नवप्रदेश।। कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर में दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। दोनों बच्चे तालाब में नहाने गए थे। बच्चों की मृत्यु की सूचना मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया था।

बच्चों की तालाब में डूबने की सूचना मिलते ही पुलिस गोताखोरों कीटीम के साथ मौके पर पहुंची थी। एक बच्चे का शव बुधवार को मिल गया है। वहीं एक बच्चे के शव को आज तालाब से निकाला गया। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। गहरे तालाब में डूबे दूसरे बच्चे के शव को टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला. बता दें कि दोपहर दोनों बच्चे घर मे बिना बताए तालाब नहाने गए थे. तालाब गहरा होने की वजह से दोनों बच्चे तालाब में डूब गए थे. गोताखोरों ने घंटों रेस्क्यू करने के बाद बुधवार को एक बच्चे मनीष प्रसाद के शव को बाहर निकाला था. अंधेरा होने की वजह से दूसरे बच्चे को नहीं निकाल पाए थे। वहीं बिलासपुर की रेस्क्यू टीम व पुलिस की टीम आज सुबह डूबे दूसरे बच्चे अनुराग बहेरा के शव को तालाब से रेस्क्यू कर बाहर निकाला. घटना स्थल के पास परिजनों के साथ बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही।

हवा की दिशा बदलते ही पड़ेगी कड़ाके की ठंड

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में जल्द ही हवा की दिशा बदलने लगेगी। उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं से जहां पारा गिरेगा वहीं जोरदार ठंड की शुरूआत होगी। प्रदेश में उत्तर की ओर से आने वाली हवाओं की वजह से नमी कम होगी। हालांकि इसके असर से अधिकतम तापमान पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। तापमान में गिरावट आने से ग्रामीण समेत कई इलाकों में ठिठुरन बढ़ जाएगी। अंबिकापुर में तापमान सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रायपुर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। कई शहरों में न्यूनतम तापमान में कमी आने वाली है, जिससे ठिठुरन और बढ़ जाएगी। अब आने वाले तीन दिनों में उत्तर से आने वाली हवा से ठंड बढ़ जाएगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बीते साल की तुलना में इस साल ज्यादा सर्दी पड़ने वाली है। इस साल दिसंबर के पहले सप्ताह में ज्यादा ठंड पड़ने वाली है।

अज्ञात व्यक्ति ने आग लगाकर फैलाई आतंक, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। वार्ड नंबर 20 तिल्दा बस्ती में अज्ञात व्यक्ति ने आतंक मचाते हुए दो लोगों के बाइक को आग के हवाले कर दिया। साथ ही एक किराना दुकान में भी आग लगा दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सतीश धृतलहरे 31 वर्ष वार्ड नंबर 20 तिल्दा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 28 ई 4701 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसे आग के हवाले कर दिया। जिससे बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। वहीं मोहल्ले में ही रहने वाला गणेश सत्या के घर के कमरा में रखे बाइक क्रमांक सीजी 04 एचवी 7468 को अज्ञात व्यक्ति ने आग के हवाले कर दिया। इसी तरह मोहल्ले में ही रहने वाले विजेन्द्र सिंह राजपूत के किराना दुकान में रखे सामान को अज्ञात व्यक्ति ने आग के हवाले कर दिया। सभी मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 436 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बिलासपुर-कटनी रूट पर 24 से 4 दिसंबर तक 32 यात्री ट्रेनें रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर और शहडोल रूट पर 24 नवंबर से 4 दिसंबर 32 ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे चंदिया रोड स्टेशन में प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य कराने वाला है, इसके चलते इस रूट की 32 यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं अधिकांश ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए रेलवे ने खेद जताया है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि रेलवे बुदनी, मिडघाट, चोका एवं बरखेड़ा रेलवे स्टेशनों को तीसरी लाइन से जोड़ने का कार्य कराएगा। इससे सबसे अधिक दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस के यात्री परेशान होंगे। क्योंकि इस ट्रेन को केवल इटारसी तक ही चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के अनुसार 26 नवम्बर से 08 दिसम्बर तक दुर्ग से चलने वाली 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस इटारसी तक ही चलेगी और 27 नवम्बर से 09 दिसम्बर तक भोपाल के स्थान पर यह गाड़ी इटारसी से ही 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस बनकर दुर्ग आएगी। इस वजह से सैकड़ों यात्री इटारसी से जैसे-तैसे भोपाल तक सफर करने के लिए मजबूर होंगे।

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां

- 5 से 09 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस परिवर्तन मार्ग न्यू कटनी कटनी मुरवाड़ा भोपाल होकर रवाना होगी।
- 6 से 09 दिसम्बर तक इंदौर से चलने वाली 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस परिवर्तन मार्ग भोपाल- कटनी मुरवाड़ा- न्यू कटनी होकर आएगी।

झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू के समय-सारणी में आंशिक परिवर्तन

रेल यात्रियों की सुविधाओं का हवाला देते हुए 1 दिसंबर से 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल की समय सारणी में अंशिक परिवर्तन किया गया है । यह ट्रेन सुबह 7.10 बजे रायपुर आएगी और 7.20 बजे रवाना होगी।

नो रूम, नौतनवा में वेटिंग 100 पार

ट्रेनों में लगातार आवाजाही से यात्रियों को मजबूर होकर वेटिंग में सफर करना पड़ रहा है। हालात ऐसी है कि छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 25 नवंबर को नो रूम हो गई है। बैतूल तरफसे इस ट्रेन का टिकट बनना दो दिन पहले से बंद हो चुका है। वहीं दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस बुधवार को 100 से पार वेटिंग के साथ रवाना हुई। जबकि दुर्ग से भोपाल के बीच चलने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस ठसाठस चल रही है। ट्रेनों में भारी भीड़ के बीच ही शहडोल रेल लाइन पर ब्लॉक 24 से लगने जा रहा है, लेकिन इससे पहले ही 22 और 23 नवंबर को कई ट्रेनों के पहिए थम रहे हैं। वहीं रद्द ट्रेनों का रिफंड लेने के लिए काउंटर तक दौड़भाग करना पड़ रहा है।

आज और कल ये ट्रेनें कैंसिल :

22 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक गाडी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस और 23 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक गाडी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस कैंसिल रहेगी। इसी तरह 24 नवम्बर से 06 दिसम्बर तक गाडी संख्या 18235 भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस, 25 नवम्बर व 02 दिसम्बर को गाडी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस कैंसिल हैं।

कल से बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द

24 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक गाडी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस, 25 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक गाडी संख्या 11266 अम्बिकापुर- जबलपुर एक्सप्रेस, 23 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक गाडी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस, 24 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक गाडी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रऔर 24 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक गाडी संख्या 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंज, 24 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक गाडी संख्या 18233 इंदौर- बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी और गाडी संख्या 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी पैसेंजर रद्द रहेगी।

गोंदिया-बरौनी 5 दिसबर तक कैंसिल

24 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक गाडी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस, 25 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक गाडी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस, 24 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक गाडी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस, 25 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक गाडी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस, 24 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक गाडी संख्या 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस तथा 25 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक गाडी संख्या 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

ये ट्रेन एक से दो दिन कैंसिल

26 नवम्बर व 03 दिसम्बर को गाडी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस, 29 नवम्बर को गाडी संख्या 20828 सांतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस, 30 नवम्बर को गाडी संख्या 20827 जबलपुर-सांतरागाछी एक्सप्रेस, 25 नवम्बर व 02 दिसम्बर को गाडी संख्या 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस, 28 नवम्बर व 05 दिसम्बर को गाडी संख्या 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस, 26 नवम्बर व 03 दिसम्बर को गाडी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस और 27 नवम्बर व 04 दिसम्बर को गाडी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस, 29 नवम्बर को गाडी संख्या 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी तथा 30 नवम्बर को गाडी संख्या 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

मोदी ने पैरा तीरंदाजी टीम को दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारतीय दल के तालिका में शीर्ष पर रहने के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, दल ने चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीतकर चमकदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक एथलीट को उनके योगदान के लिए बधाई। ये खिलाड़ी हमेशा हमें इसी तरह गौरवान्वित करते रहें। उन्होंने लिखा, बैंकॉक में पैरा एशियाई तीरंदाती चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक जीत। भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को उनके अभूतपूर्व प्रदर्शन और अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज कराने के लिए बधाई। विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज राकेश कुमार ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई जिसके दम पर भारत बुधवार को बैंकॉक में एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में नौ पदक जीतकर पदक तालका में दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज को पछाड़कर शीर्ष पर रहा।एक अन्य पोस्ट में मोदी ने वुशु चैम्पियन रोशिबिना देवी, कुशाल कुमार और छवि को हाल में अमेरिका में हुई 16वीं विश्व वुशु चैम्पियनशिप में पदक जीतने के लिए बधाई दी। उन्होंने लिखा, उनके कौशल और दृढ़संकल्प ने देश को गौरवान्वित किया है। मुझे पूरा भरोसा है कि उनकी सफलता वुशु को भारत में और लोकप्रिय बनायेगी। भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए मेरी शुभकामनायें।

राशिद खान पीठ की चोट के कारण–बीबीएल 13 से हटे

मेलबर्न। अफगानिस्तान के स्टार राशिद खान पीठ की चोट की सर्जरी के कारण सात दिसंबर से शुरू होने वाली बिग बैश लीग (बीबीएल) में नहीं खेल पायेंगे। राशिद की टीम एडीलेड स्ट्राइकर्स ने गुरूवार को घोषणा की कि राशिद का छोटा सा ऑपरेशन होगा। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक भी टीम के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

एडीलेड स्ट्राइकर्स के क्रिकेट महाप्रबंधन टिम निल्सन ने कहा, राशिद स्ट्राइकर्स और प्रशसकों के पसंदीदा हैं जो सात साल से हमारे लिए खेल रहे हैं इसलिये इन गर्मियों में उनकी कमी खलेगी। उन्होंने कहा, राशिद टीम के लिए बीबीएल में खेलना बहुत पसंद करते हैं और हम उनका समर्थन करते हैं क्योंकि उनका इस चोट के लिए उपचार किया जायेगा ताकि वह खेल में लंबे समय तक जुड़े रहें।उन्होंने कहा, हमारा प्रबंधन और कोचिंग स्टाफ आगामी सत्र में राशिद की जगह अन्य खिलाड़ी को लेने के लिए विकल्प देखेगा जिनके नाम की घोषणा आने वाले समय में की जायेगी।

हमें आगे बढ़ना चाहिए, जीवन चलता रहता है : कुलदीप

नयी दिल्ली। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने गुरूवार को स्वीकार किया कि आस्ट्रेलिया से विश्व कप फाइनल में मिली हार की टीस लंबे समय तक सालती रहेगी और यह उन्हें अगले मौके तक कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करती रहेगी। भारत को 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल में आस्ट्रेलिया से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कुलदीप ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, चेन्नई से अहमदाबाद तक हमारी यात्रा का नतीजा निराशाजनक रहा, लेकिन हमें छह हफ्तों की अपनी उलब्धियों पर गर्व है। इस दर्द के बावजूद हम अगले मौके के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कलाई के इस स्पिनर ने लिखा, हार का दर्द सालता रहेगा लेकिन हमें आगे बढ़ना होगा, जीवन चलता रहता है और पीड़ा से उबरने में समय लगता है। कुलदीप ने कहा कि इस हार से निपटना मुश्किल था। उन्होंने कहा, विश्व कप काफी खूबसूरत था लेकिन ऐसा लगता है कि भगवान की कुछ और ही योजना थी। अब 'स्विच ऑफ' करके 'रिचार्ज' होने का समय है। इस हार से निपटना मुश्किल है, लेकिन आगे की यात्रा के लिए हमारा भरोसा कायम है। कुलदीप ने विश्व कप में भारत के सभी 11 मैच खेले और 15 विकेट झटके।भारत ने लगातार 10 मैच जीते लेकिन नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख से ज्यादा घरेलू समर्थकों के सामने हुए फाइनल में उसे हार का सामना करना पड़ा। कुलदीप ने कहा, हमारे सहयोगी स्टाफ का शुक्रिया, हम हर प्रतिद्वंद्वी से भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार थे और उनकी प्रतिबद्धता ने बतौर खिलाड़ी हमारा भरोसा बढ़ाया। उन्होंने कहा, सभी नौ स्टेडियम में प्रशंसकों के प्यार ने हमारे दिल को छू लिया और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ से बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

सैमुअल्स 6 साल के लिए सभी प्रारूपों से प्रतिबंधित

दुबई। वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज मार्लोन सैमुअल्स पर गुरूवार को एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए क्रिकेट के सभी प्रारूपों से छह साल का प्रतिबंध लगा दिया गया।

सैमुअल्स को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने (एमिरेट्स बोर्ड में नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी के तौर पर) सितंबर 2021 में चार मामलों के लिए आरोपित किया। अगस्त में उन्हें पंचाट द्वारा दोषी पाया गया था और उनका प्रतिबंध 11 नवंबर से शुरू हुआ। ये आरोप 2019 में अबुधाबी टी10 लीग से संबंधित हैं।पूर्व आल राउंडर सैमुअल्स ने 71 टेस्ट, 207 वनडे और 67 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।आईसीसी ने गुरूवार को कहा कि 42 वर्षीय सैमुअल्स को दोषी पाया गया क्योंकि उन्होंने मनोनीत भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी को किसी भी उपहार, भुगतान, आतिथ्य या अन्य फायदे की रसीद का खुलासा नहीं किया और ऐसा ऐसी परिस्थितियों में किया गया जो प्रतिभागी या क्रिकेट के खेल को बदनाम कर सकता है।

उन्हें मनोनीत भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी को 750 डॉलर या इससे अधिक कीमत के आतिथ्य की रसीद का खुलासा नहीं करने तथा जांच में सहयोग नहीं करने का भी दोषी पाया गया।आईसीसी ने एक बयान में कहा, उन्हें जांच से संबंधित जानकारी छुपाकर भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी की जांच में बाधा डालने या विलंब करने का दोषी पाया गया। आईसीसी के महाप्रबंधक एलेक्स मार्शल ने कहा कि सैमुअल्स पर प्रतिबंध अन्य के लिए सबक देने वाला साबित होगा।मार्शल ने कहा, सैमुअल्स ने करीब दो दशक तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है जिसमें उन्होंने कई भ्रष्टाचार रोधी गतिविधियों में हिस्सा लिया जबकि वह जानते थे कि भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अंतर्गत उनके दायित्व क्या थे।उन्होंने कहा, हालांकि वह अब संन्यास ले चुके हैं, लेकिन जब सैमुअल्स ने ये उल्लंघन किये तब वह इनमें हिस्सेदार थे। छह साल का प्रतिबंध ऐसे किसी भी खिलाड़ी के लिए कड़ा सबक देने का काम करेगा जो नियमों को तोड़ने की कोशिश करता है।

सैमुअल्स ने 2012 और 2016 में टी20 विश्व कप फाइनल में वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा रन बनाये थे। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 11,000 से ज्यादा रन हैं। उन्हें मई 2008 में क्रिकेट के खेल को बदनाम करने के लिए धन लेने या अन्य फायदा लेने के लिए दो साल के लिए प्रतिबंधित किया गया था। वेस्टइंडीज के लिए वह अंतिम बार 2018 में खेले थे और 2020 में उन्होंने संन्यास की

बिजनेस

रुपया हुआ कमजोर, सीमित दायरे में कर रहा ट्रेड

नई दिल्ली। शुरुआती कारोबार में स्टॉक मार्केट के नकारात्मक रुख के बीच आज सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों के मुताबिक विदेशी फंड की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों को प्रभावित किया है। इंटरबैंक फॉरेंन एक्सचेंज में रुपया, डॉलर के मुकाबले 83.25 पर खुला और फिर 83.23 के उच्चतम स्तर और 83.27 के निचले स्तर को छू गया। शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 83.26 पर बंद हुआ था।छह अन्य करेंसी की तुलना डॉलर से करने वाला डॉलर इंडेक्स आज शुरुआती कारोबार में 0.36 प्रतिशत कम होकर 103.54 पर कारोबार कर रहा है।वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.73 प्रतिशत बढ़कर 81.20 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।खबर लिखे जाने तक बीएसई सेंसेक्स 97.04 अंक या 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,697.69 अंक पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी 17.05 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर 19,714.75 अंक पर ट्रेड कर रहा है। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) ने शुक्रवार को शेयर बाजार से 477.76 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

फिर घटा फॉरेक्स रिजर्व

10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 462 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 590.321 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। हालांकि इससे पिछले सप्ताह में, कुल भंडार 4.672 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 590.783 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था।

कतर ने एलएंडटी पर 239 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

मुंबई। भारत की निर्माण और इंजीनियरिंग दिग्गज लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) पर कतर के आयकर अधिकारियों ने कंपनी द्वारा घोषित आय और विभाग के आकलन में कथित भिन्नता के लिए 111.31 करोड़ रुपये और 127.64 करोड़ रुपये के अलग-अलग दो जुर्माने लगाए हैं। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। एलएंडटी ने नियामक बयान में कहा, अप्रैल 2016 से मार्च 2017 और अप्रैल 2017 से मार्च 2018 के बीच कर निर्धारण अवधि के लिए जुर्माने लगाये हैं जिनकी कुल राशि 238.9 करोड़ रुपये है। कंपनी का मानना है कि यह मनमाना और अनुचित है। इस जुर्माने के खिलाफ एक अपील दायर की गई है।

कंपनी ने कहा कि वह अपीलीय स्तर पर अनुकूल परिणाम को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है और इससे कंपनी की वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

खाड़ी क्षेत्र एलएंडटी के लिए एक प्रमुख बाजार है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर छमाही में उसके ऑर्डर प्रवाह में 41 प्रतिशत का योगदान इसी क्षेत्र का है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कर्नाटक सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किये

बेंगलुरु। मेक इन इंडिया और सभी के लिए व्यापक खुशहाली की अपनी प्रतिबद्धता के अनुकूल, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ताकि नए निवेश के माध्यम से देश में कंपनी के मौजूदा परिचालन को बेहतर किया जा सके।

भारत में टीकेएम के 25 वर्षों के परिचालन पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर के साथ, लगभग 3,300 करोड़ रुपये का यह निवेश एक नए संयंत्र की स्थापना के लिए है। इससे क्षमता में वृद्धि होगी और इस तरह स्थानीय विनिर्माण की पारिस्थितिकी तंत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ नई प्रौद्योगिकी के उपयोग की शुरुआत होगी और ÷सबके लिए मोबिलिटी÷ तैयार की जायेगी। यह भारत में कंपनी का तीसरा प्लांट होगा, जो कर्नाटक में बैंगलोर के पास बिदादी में स्थित है। यह विकास आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र में अपेक्षित वृद्धि को देखते हुए आगे के निवेश और रोजगार सृजन की संभावना भी लाता है।

इंस्टाग्राम पर रील्स डाउनलोड कर सकेंगे यूजर्स

नई दिल्ली। शॉर्ट वीडियो और इमेज शेयरिंग प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम ने दुनियाभर को सभी यूजर्स के लिए रील्स डाउनलोड फीचर रोलआउट करना शुरू कर दिया है। इस फीचर के जरिए यूजर्स थर्ड पार्टी ऐप को यूज किए बिना रील्स डाउनलोड कर पाएंगे। इंस्टाग्राम के हेड एडम मोसेरी ने अपने ब्रॉडकास्ट चैनल पर लिखा, अब आप किसी भी पब्लिक अकाउंट की रील को सेव कर सकते हैं। डाउनलोड की जाने वाली रील में उसे बनाने वाले हैंडल का एक वॉटरमार्क दिखाई देगा।पांच महीने पहले कंपनी ने इस फीचर को केवल अमेरिका में रोलआउट किया था, जो अब भारत सहित अन्य देश में भी जल्द अवेलेबल हो जाएगा। एडम मोसेरी ने बताया है कि प्राइवेट अकाउंट के जरिए शेयर किए गए रील्स को डाउनलोड नहीं किया जा सकता है। वहीं, पब्लिक अकाउंट वाले यूजर्स रील्स डाउनलोड करने के फीचर को अकाउंट सेटिंग से ऑफ कर सकते हैं, जिससे रील्स डाउनलोड ऑप्शन डिसेबल हो जाएगा। अभी यूजर्स इंस्टाग्राम पर रील्स डाउनलोड करने के लिए थर्ड पार्टी ऐप या हिडन ट्रिक्स के जरिए डाउनलोड करते हैं। इसके अलावा यूजर्स रील्स को डाउनलोड करने के लिए पहले उसे अपनी स्टोरी पर सेट करते हैं, उसके बाद स्टोरी डाउनलोड करने का ऑप्शन मिलता है वहां से रील्स डाउनलोड करते हैं।

इंस्टाग्राम रील्स डाउनलोड करने की प्रोसेस

सबसे पहले उस रील को ओपन करें जिसे डाउनलोड करना चाहते हैं।

अब ऐप के राइट साइड में मौजूद शेयर आइकन पर टैप करें।

अब कॉपी लिंक ऑप्शन के बगल में डाउनलोड का ऑप्शन दिखाई देगा।

डाउनलोड ऑप्शन पर टैप करके रील्स डाउनलोड कर सकते हैं।

विक्की कौशल के साथ काम करने को बेकरार कैटरीना

कैटरीना कैफ और विक्की कौशल की जोड़ी बॉलीवुड की सबसे चर्चित जोड़ियों में से एक है।सोशल मीडिया पर अक्सर दोनों साथ में तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

प्रशंसक भी विक्की और कैटरीना को साथ में देखना काफी पसंद करते हैं।पिछले कुछ समय से दर्शक इस जोड़ी को साथ में किसी फिल्म में देखने के लिए बेताब हैं।अब इस बीच कैटरीना ने खुलासा किया कि वह विक्की के साथ काम करने के लिए बेकरार हैं। कैटरीना ने खुलासा किया कि वह विक्की के साथ एक एक्शन फिल्म करना चाहती हैं। कैटरीना ने कहा, विक्की के साथ एक एक्शन फिल्म करना बहुत दिलचस्प होगा। वो एक बेहतरीन कलाकार हैं और मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में उनके प्रति सम्मान के कारण हर कोई ऐसा ही महसूस करता है। विक्की अपनी कला के प्रति हमेशा समर्पित रहते हैं। पर्दे पर उनके साथ काम करना बहुत रोमांचक होगा। कैटरीना मौजूदा वक्त में सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 को लेकर चर्चा में हैं, जो 12 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें इमरान हाशमी भी मुख्य भूमिका में हैं।फिल्म में कैटरीना जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं।टाइगर 3 ने दुनियाभर में 350 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है, वहीं भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई 250 करोड़ रुपये की ओर है।इसका निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है।

प्रियंका चोपड़ा की डॉन फ्रेंचाइजी में होगी एंट्री? रणवीर के साथ आएंगी नजर

फरहान अख्तर ने हाल ही में डॉन 3 की अनाउंसमेंट की थी. डॉन 3 में शाहरुख खान नहीं बल्कि रणवीर सिंह नजर आने वाले हैं. डॉन की फ्रेंचाइजी से शाहरुख खान ने एग्जिट कर ली है और रणवीर सिंह की एंट्री हो गई है. शाहरुख खान के जाते ही फिल्म में एक पुराने किरदार की एंट्री होने वाली है. ये कोई और नहीं बल्कि प्रियंका चोपड़ा हो सकती हैं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉन 3 के मेकर्स फिल्म में रणवीर सिंह के अपोजिट प्रियंका चोपड़ा को कास्ट करने की प्लानिंग कर रहे हैं. प्रियंका और रणवीर पहले भी गुंडे, बाजीराव मस्तानी और दिल धड़कने दो में साथ में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फरहान अख्तर अब जी ले जरा की जगह डॉन 3 को प्रायोरिटी दे रहे हैं क्योंकि जी ले जरा के लिए मेल कास्ट फाइनल नहीं हो पा रही है. जिसकी वजह से वह अब पूरा डॉन 3 पर ध्यान दे रहे हैं और रणवीर के साथ प्रियंका को कास्ट कर सकते हैं। रिपोर्ट्स की माने तो प्रियंका चोपड़ा हाल ही में फरहान अख्तर से मिली थीं और उन्होंने डॉन 3 के बारे में बात की थी. प्रियंका ने भी फिल्म करने को लेकर ग्रीन सिग्नल दे दिया है. डॉन 3 की लीड को लेकर पहले कियारा आडवाणी और कृति सेनन का नाम सामने आया था। शाहरुख खान के डॉन फ्रेंचाइजी से बाहर जाने और रणवीर सिंह की एंट्री से फैंस बहुत नाराज हैं. जब डॉन में रणवीर सिंह की एंट्री की अनाउंसमेंट हुई थी तो सोशल मीडिया पर उन्हें बहुत ट्रोल किया गया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर सिंह रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में नजर आने वाले हैं. उनका फिल्म से फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है. सिंघम अगेन में रणवीर के साथ दीपिका पादुकोण, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ और करीना कपूर भी नजर आएंगे।

इंदौर में फिर हनी ट्रैप..आरोपी महिला का पति भी गिरफ्तार

बिजनेसमैन को सांसद प्रतिनिधि बनकर धमकाता था, कोर्ट ने जेल भेजा

इंदौर/नवप्रदेश। इंदौर की लसूड़िया पुलिस ने ब्लैकमेलिंग की आरोपी महिला के आरोपी पति को भी बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। उस पर ब्लैकमेलिंग की आरोपी पत्नी का साथ देने और वसूले गए रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करने का आरोप है। यह भी बताया गया है कि आरोपी ने कोर्ट में झूठी जानकारी दी थी। आरोपी को बुधवार देर रात ढाई बजे उसके घर पहुंची थी। मशक्कत के बाद आरोपी बाहर आया। गुरुवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

लसूड़िया पुलिस ने बताया आरोपी अजय राजपूत निजी कार कंपनी में फाइनेंस मैनेजर है। उसकी पत्नी ने इलाके में रहने वाले राहुल शर्मा को रेप केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया था। इसके बदले आरोपी महिला और उसके पति अजय ने राहुल से करीब 40 लाख के जेवर और केश ब्लैकमेल कर ले लिए थे। राहुल ने लसूड़िया थाने में शिकायत की थी लेकिन उलटे महिला ने ही उस पर रेप का केस दर्ज करा दिया था। टीआई तारेश सोनी ने बताया जांच में आरोपी पति अजय पर महिला को साथ देने और ब्लैकमेलिंग के पैसों को अपने अकाउंट में ट्रांसफर करने का खुलासा हुआ है।

तीन महीने बाद पुलिस ने दर्ज किया था हनी ट्रेप का केस

महिला 3 अक्टूबर 2022 की रात अपना घर छोड़कर बिजनेसमैन राहुल (फरियादी) के पास रहने आ गई। यहां महिला ने कहा कि उसे नहीं रखा तो बलात्कार के केस में फंसा देगी। राहुल ने उसे रहने के लिए अलग घर दिला दिया। उधर, महिला के पति अजय ने 4 अक्टूबर 2022 को लसूड़िया थाने में पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी। 10 दिन बाद 14 अक्टूबर 2022 को पति-पत्नी ने कुटुंब न्यायालय में तलाक का आवेदन भी दे दिया। दोनों ने आवेदन देकर कोर्ट को बताया कि हम पति-पत्नी 1 जनवरी 2020 से अलग-अलग रह रहे हैं। इसके बाद कुटुंब न्यायालय ने भी झूठे शपथ पत्र व झूठे बयान के आधार पर मात्र दो माह में उन्हें तलाक दे दिया था।

पुलिस के मुताबिक महिला 1 करोड़ 10 लाख रुपए के मकान को अपने नाम करवाने को लेकर राहुल पर दबाव बना रही थी। बिजनेसमैन ने परेशान होकर 5 दिसंबर 2022 को लसूड़िया थाने में महिला पर ब्लैकमेलिंग की शिकायत की थी। महिला को इस शिकायत की जानकारी लगी तो उसने भी 8 दिसंबर 2022 को व्यापारी पर रेप का केस दर्ज करा दिया। इसके बाद उसने विजयनगर के एक रेस्टोरेंट में बिजनेसमैन से कथित रेप केस सेटलमेंट के नाम पर 30 लाख रुपए मांगे थे। इस पर पुलिस को फिर शिकायत हुई तब तीन महीने बाद पुलिस ने महिला पर हनी ट्रिप का केस दर्ज किया। गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहां से अब जमानत मिल गई है।

पति ने सांसद प्रतिनिधि बनकर धमकी दी, सांसद ने लिखित में किया खंडन

गिरफ्तार आरोपी अजय राजपूत खुद को सांसद शंकर लालवानी का प्रतिनिधि बताकर धमकी देता था। इसके मामले में सांसद लालवानी से पीड़ित राहुल ने जानकारी मंगवाई। तब सांसद ने कहा मेरा अजय राजपूत से कोई लेना देना नहीं। इसके बाद सांसद ने लिखित में जानकारी देकर बताया कि अजय राजपूत उनका प्रतिनिधि ही नहीं है।

1500 किसानों ने मांगी सामूहिक आत्मदाह की अनुमति

बुरहानपुर/नवप्रदेश। बुरहानपुर में करीब डेढ़ हजार किसानों ने राष्ट्रपति से सामूहिक आत्मदाह की अनुमति मांगी हैं। जिले की खकनार तहसील के तीन गांव पांगरी, बसाली और नागझीरी के किसान गुरुवार को एकत्रित हुए और राष्ट्रपति के नाम लेटर भेजा। जिसमें उन्होंने कहा है कि पांगरी सिंचाई परियोजना का काम बिना मुआवजा तय किए शुरू होता है तो ये सभी लोग सामूहिक रूप से आत्मदाह करेंगे। खकनार क्षेत्र के ग्राम पांगरी में मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत सिंचाई परियोजना प्रस्तावित है। गुरुवार को पांगरी में जल संसाधन विभाग के सब इंजीनियर इंद्रजीत उरमलिया बांध बनाने वाले स्थान पर झंडी लगाने गए थे, तब किसानों ने उन्हें झंडी लगाने से रोक दिया। बाद में किसानों की बैठक हुई और उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र भेजने की बात कही। किसानों ने पत्र में कहा कि ग्राम पांगरी में सिंचाई परियोजना प्रस्तावित है। यहां बांध प्रभावित किसान पिछले 11 महीनों से न्याय और उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जब तक मुआवजा तय नहीं हो जाता, तब तक किसी भी प्रकार का बांध संबंधित कोई कार्य शुरू नहीं होना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो हम सामूहिक आत्मदाह करेंगे। जिसकी अनुमति प्रदान करें। पांगरी बांध परियोजना में कई किसानों की जमीन डूब में आ रही है। किसानों का कहना है कि मुआवजा मूल्य का निर्धारण नहीं हुआ है। इसे लेकर किसानों की बैठक गुरूवार को हुई जिसमें जलसंसाधन विभाग के अफसर भी पहुंचे और चर्चा की।

संक्षिप्त समाचार

इंदौर के स्कूल में भाजपा पार्षद के भतीजे को पीटा

इंदौर/नवप्रदेश। इंदौर के सेंटपॉल हायर सेकेंडरी स्कूल में 9वीं क्लास के स्टूडेंट के साथ 11वीं क्लास के स्टूडेंट ने मारपीट कर दी। मारपीट में आरोपी छात्र के कुछ बाहरी साथी भी शामिल थे। घटना में 9वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र की एक आंख पर गहरी चोट लगी है। चौंकाने वाली बात यह कि जिस छात्र के साथ मारपीट हुई है उसका किसी के साथ वाद-विवाद नहीं था। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि मारपीट में घायल एक स्टूडेंट भाजपा पार्षद पंखुड़ी डोसी का भतीजा है। मारपीट करने वालों के खिलाफ पलासिया थाने में एफआईआर दर्ज कराने पहुंची डोसी का कहना है कि स्कूल परिसर में सुबह कुछ छात्रों के बीच विवाद हुआ था। छुट्टी होने पर आरोपी छात्र इसी रंजिश के चलते स्कूल पहुंचे थे। गलतफहमी में उन्होंने मेरे भतीजे के साथ सरिए से मारपीट कर दी। उसकी आंख में गहरी चोट आई है। घटना को लेकर जब स्कूल प्रबंधन से बात की गई तो सभी ने चुप्पी साध ली। हालांकि घायल छात्र के परिजनों के साथ प्रबंधन की ओर से आरोपियों के खिलाफ एफआईआई दर्ज कराई गई है।

सेंटपॉल स्कूल में 9वीं और 11वीं क्लास के स्टूडेंट्स में विवाद,सीनियर छात्र ने बाहरी लड़कों को बुलाकर की मारपीट

आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

मामले को लेकर पलासिया थाने के उपनिरीक्षक स्वराज डाबी का कहना है कि यह घटना लाला रामनगर स्थित सेंट पॉल स्कूल की है। सुबह लगभग 10.30 बजे कक्षा 9वीं और 11वीं के स्टूडेंट्स के बीच किसी बात को लेकर बातचीत हुई थी। जानकारी के बाद स्कूल प्रबंधन ने दोनों स्टूडेंट्स के परिजनों को स्कूल बुलाकर समझाइश भी दी। बाद में दोनों स्टूडेंट अपनी-अपनी क्लास में चले गए थे। दोपहर दो बजे स्कूल की छुट्टी के समय 11वीं क्लास का आरोपी स्टूडेंट बाहर के कुछ दोस्तों को बुला लाया और 9वीं क्लास के दो स्टूडेंट के साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे परिजनों और स्कूल के टीचर्स को देख आरोपी भाग गए। जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्कूल प्रबंधन ने जबरदस्ती स्कूल में घुसने और मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात कारणों से पिता-पुत्र की हत्याः खेत पर पानी लगाने निकले थे, दोनों की कुएं में मिली लाश

छतरपुर/नवप्रदेश। जिले के महाराजपुर थाना के अंतर्गत एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें पिता-पुत्र की हुई हत्या से गांव में मातम फैल गया है। दरअसल वार्ड-15 घेरापुरवा निवासी राजू कुशवाहा और पुत्र मोहित कुशवाहा शाम को खाना खाकर बलकट के लिए खेत पर पानी लगाने घर से निकले थे। जानकारी के मुताबिक, बुधवार की शाम करीब 8 बजे घर से राजू कुशवाहा उम्र 40 वर्ष और राजू का पुत्र मोहित 12 वर्ष खाना खाकर खेत पर पानी लगाने निकले थे। गुरूवार सुबह करीब 11 बजे तक जब घर नहीं पहुंचे। खेत पर घरवाले पहुंचे यहां वहां देखा जब कहीं नहीं दिखाई दिए तो कुएं की ओर झांक कर देखा तो गहराई में राजू और पुत्र मोहित की डेड बॉडी दिखाई दी। जिसकी सूचना महाराजपुर थाने में दी गई। जिसके बाद मौके पर पुलिस बल पहुंची। गांव में सनसनी फैल गई। लोग घटनास्थल पर अधिक संख्या में महिलाएं एकत्रित हो गई। कुआं में पानी अधिक होने से मोटर पंप की मदद से कुएं को खाली कराया गया पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से कुए में चारपाई से पिता पुत्र की डेड बॉडी को निकाला गया मृतक राजू कुशवाहा के सिर में गंभीर चोट के निशान ब्लड निकलता दिखाई दिया। यही नहीं बल्कि इलेक्ट्रिकल मोटे वायर गले से लेकर पैरों तक जकड़ा मिला। मृतक मोहित कुशवाहा के हाथों में सफेद रंग का गमछा बंधा था, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

भोपाल में 27.50 रुपए किलो आटा बेच रही सरकार

एनसीसीएफ ने रिटेल काउंटर खोले; इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर-उज्जैन में जल्द शुरुआत

भोपाल/नवप्रदेश। महंगाई को काबू में रखने के लिए केंद्र सरकार देशभर में 27.50 रुपए प्रति किलो की कीमत पर %भारत आटा% बेच रही है। गुरुवार को भोपाल के एमपी नगर में रिटेल काउंटर खोला गया, जबकि तीन जगहों पर मोबाइल वैन के जरिए आटा बेचा जा रहा है। नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया (ह्ष्टष्स्न) ने %भारत आटा% बेचने की शुरुआत की है। इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन समेत प्रदेश के दूसरे जिलों में एक-दो दिन में इसकी शुरुआत हो सकती है।

एक व्यक्ति को 10 किलो का पैकेट

फील्ड ऑफिसर मोहम्मद राशिद ने बताया कि प्रति व्यक्ति 10 किलो पैक्ड आटा दिया जा रहा है। प्रति किलो 27.50 रुपए रेट है। भारत सरकार की भारत आटा योजना के तहत यह व्यवस्था की गई है। एफसीआई से गेहूं लिया गया है। फिर मिलर के जरिए आटे के रूप में यह आम उपभोक्ताओं को कम रेट पर दे रहे हैं।

बाजार में पैक्ड आटा 40 रुपए से ज्यादा

बाजार में खुला और पैक्ड आटे की कीमत अधिक है। पुराने शहर के मुख्य बाजार समेत चक्कियों पर कीमत 32 से 35 रुपए प्रति किलो तक है। वहीं, ब्रांडेड पैक्ड आटे की कीमत 40-42 रुपए किलो तक है।

इंदौर समेत अन्य शहरों में भी बेचेंगे

ब्रांच मैनेजर इंदौर, आदर्श यादव ने बताया कि इंदौर में आटा बेचने की जल्द शुरुआत होगी। इसके अलावा ग्वालियर, जबलपुर, मुरैना, हरदा, बैतूल, उज्जैन में भी जल्द ही आटा वितरण काउंटर खोले जाएंगे। जहां उपभोक्ताओं को रियायती भाव में आटा दिया जाएगा।

गेहूं की बढ़ती कीमत की वजह से लिया फैसला

बाजार में नॉन-ब्रांडेड आटे की खुदरा कीमत 30-40 रुपए किलो है, तो ब्रांडेड आटा 40-50 रुपए प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है। गेहूं की लगातार बढ़ती कीमत की वजह से त्योहारी सीजन में आटे की कीमत में तेजी को देखते हुए सरकार ने सस्ते दाम पर आटा बेचने का फैसला किया है।

ढाई लाख मीट्रिक टन गेहूं का अलोकेशन

इस योजना के लिए ढाई लाख मीट्रिक टन गेहूं का अलोकेशन विभिन्न सरकारी एजेंसियों को किया गया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के अनुसार अभी देश में आटे की औसत कीमत 35 रुपए किलो है।

25 दिन में 190 टन प्याज बेचा

आटे से पहले एनसीसीएफ प्याज भी बेच रहा है। इसकी शुरुआत 30 अक्टूबर को भोपाल से की गई थी। इसके बाद इंदौर, जबलपुर, उज्जैन समेत अन्य शहरों में भी 25 रुपए प्रतिकिलो के रेट पर प्याज उपभोक्ताओं को दिया गया। सरकार स्तर से प्याज बेचने के बाद फुटकर में प्याज के रेट घट गए। फील्ड ऑफिसर मो. राशिद ने बताया कि 30 अक्टूबर से अब तक करीब 190 टन प्याज बेचा जा चुका है। अभी भी बिक्री जारी है।

सागर में स्ट्रांग रूम की कलेक्टर, एसपी ने देखी व्यवस्थाः सीसीटीवी से स्ट्रांग रूम की 24 घंटे की जा रही रिकार्डिंग

प्रत्याशियों के प्रतिनिधि देख सकेंगे

सागर/नवप्रदेश। इंजीनियरिंग कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम की बिजली व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे समेत अन्य व्यवस्थाओं का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य और पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने जायजा लिया।कलेक्टर आर्य ने अधिकारियों के साथ शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सीसीटीवी की जांच की। स्ट्रांग रूम के बाहर सभी विधानसभा क्षेत्र की अलग-अलग एलईडी लगाई गई है जो की 24 घंटे सुरक्षित रूप से चालू है।जिनको 24 घंटे देखा जा सकता है।

कलेक्टर आर्य ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह चालू हैं। जिनसे लगातार 24 गतिविधियों की रिकॉर्डिंग की जा रही है। सभी रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं। प्रतिनिधि अगर चाहे तो वह रिकॉर्डिंग भी देख सकते हैं। स्ट्रांग रूम में अलग-अलग जगह यूपीएस सिस्टम लगे हुए हैं। जिनसे निर्बाध रूप से रिकॉर्डिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति एवं अधिकारी कर्मचारी बगैर प्रवेश पत्र के प्रवेश न करें। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी पूरी तरह चालू हैं। सभी गतिविधियां भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार संचालित की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

सोशल मीडिया में सीएस के एक्सटेंशन की अफवाह

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को करना पड़ा मैसेज, चुनाव आयोग ने नहीं किया सीएस एक्सटेंशन एप्रूवल

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के एक माह के कार्यकाल के एक्सटेंशन की सोशल मीडिया पर उड़ी अफवाह के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को इस मामले में स्पष्टीकरण के लिए आगे आना पड़ा। उन्होंने मीडिया को जारी मैसेज में कहा है कि सोशल मीडिया में एक फेक न्यूज वायरल हो रही है। इसमें कहा जा रहा है कि मुख्य सचिव बैंस को चुनाव आयोग ने एक माह का एक्सटेंशन दिया है। राजन ने कहा कि चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह का कोई एप्रूवल चुनाव आयोग की ओर से नहीं दिया गया है। मुख्य सचिव बैंस का कार्यकाल इसी माह 29 नवंबर को खत्म हो रहा है और इसके बाद तीन दिसम्बर को होने वाली मतगणना के पहले चुनाव आयोग की अनुमति के बाद किसी न किसी को मुख्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी जाना है। इस मामले में अभी चुनाव आयोग से कोई एप्रूवल नहीं दिया गया है कि प्रदेश का अगला मुख्य सचिव कौन होगा। हालांकि प्रशासनिक हल्के में चर्चा है कि आयोग को इस पद के लिए तीन नामों के

पेपर बिगड़ा तो एग्जाम हॉल से 8 मोबाइल फोन चुराए

इंदौर/नवप्रदेश। एक छात्र का पेपर बिगड़ा तो उसने परीक्षा हॉल के बाहर रखे साथियों के आठ मोबाइल फोन चुरा लिए। इनमें से दो अपने दोस्तों को बेच दिए और एक में खुद की सिम डालकर चलाने लगा। छात्र के पिता बड़े किसान हैं, जब पुलिस छात्र को पकड़ने घर पहुंची तो कोई मानने को तैयार नहीं हुआ। पुलिस ने सबूत रखे तो आरोपी बोला-पेपर बिगड़ने से मूड खराब हो गया था। डीसीपी जोन-1 आदित्य मिश्रा के अनुसार कुछ माह पहले बायपास स्थित निजी यूनिवर्सिटी में 8 मोबाइल चोरी का केस तेजाजी नगर थाने में दर्ज हुआ था। साइबर टीम को लगाया तो दो मोबाइल बुरहानपुर में ट्रेस हुए। तेजाजी नगर थाने के हेडकांस्टेबल सतीश बनेड़िया जब आरोपी चेतन पाटिल निवासी फोफनार बुरहानपुर के घर पहुंचा तो परिजन चौंक गए। बोले-हमारे पास इतना पैसा है, इलाके में रसूख है, बेटा चोरी कर ही नहीं सकता। आखिर जब सबूत दिए तो घर वाले भी शर्मसार हो गए।

अवैध रेत स्टॉक पर खनिज विभाग का छापा!

परासिया क्षेत्र के न्यूटन सहित आसपास के गांव से 277 घन मीटर रेट का जखीरा किया बरामद

छिंदवाड़ा/नवप्रदेश। न्यूटन इन दिनों अवैध रूप से रेत के भंडारण और विक्रय का गढ बन गया था। इसके विरुद्ध आज जिला खनिज विभाग और राजस्व के अमले ने संयुक्त रूप से दबिष दी। विभिन्न ठिकानों पर की गई । दबिश में 277 घन मीटर रेत का अवैध रूप से भंडारण पाया गया। रेत की जब्ती बनाई गई ळै।टीम ने न्यूटन बेलगांव के सात अलग अलग स्थानों में दबिश देकर सैकड़ों टाली अवैध रेत जब्त की है।

शासकीय एवं निजी भूमि पर 277 घनमीट रेत का भंडारण पाया गया। सबसे पहले टीम ने न्यूटन पेच नदी स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक निजी भूमि पर कब्रिस्तान के पीछे एवं न्यूटन वार्ड नंबर 10 में दबिश दी। जहां अलग-अलग स्थान पर रेत एकत्रित की हुई मिली। जिसके बाद टीम बेलगांव पहुंची ।

जहां पर मुख्य मार्ग से लगे हुए एक खेत पर भी रेत का भंडारण किया हुआ मिला। टीम द्वारा रेत की जप्ती कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने उच्च अधिकारी के समक्ष पंचनामा प्रस्तुत किया गया। ज्ञात हो कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रशासन चुनाव में लगा हुआ था।

जिसका फायदा उठाकर रेत माफिया नदियों व नालों से रेत का अवैध उत्खनन कर अलग-अलग स्थान पर उसे एकत्रित कर रखे हुए थे। और उसे बाजार में बेच रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर जिला खनिज विभाग के अधिकारी गुरुवार को परासिया पहुंचे और स्थानीय राजस्व अमले को साथ लेकर कुछ चिन्हिंत स्थानों पर दबिश दी।

दिन भर चली कार्रवाई में सैकड़ों टाली अवैध रेत को जप्त करने की बात सामने आ रही है। इस कार्रवाई में छिंदवाड़ा सहायक खनिज अधिकारी महेश नागपुरे खनिज निरीक्षक विवेकानंद यादव परासिया तहसील राजस्व निरीक्षक श्रीप्रसाद ठाकरे पटवारी कमल गढेवाल अभिजीत धुर्वे विजय गौहिया राहुल जौहरे न्यूटन चौकी प्रभारी मुकेश डोंगरे सहित समस्त अमला शामिल रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड-नं-3, पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित मो.नं. 9406245514, 9425237314 (न्याय क्षेत्र भोपाल) www.navpradeshbhopal@gmail.com